## शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर करे सुनिश्चितः गीता विश्वकर्मा



सोनभद्र। सदस्य उ0प्र0 राज्य महिला आयोग लखनऊ गीता विश्वकर्मा ने बुधवार को राबट्र्सगंज ब्लाक सभागार में महिला उत्पीड़न से सम्बन्धित शिकायतों को सुना, इस दौरान सदस्य ने प्रोबेशन अधिकारी, पुलिस विभाग के अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि महिला उत्पीड़न से सम्बन्धित जो भी शिकायतें प्राप्त हों, उसका ससमय निस्तारण सुनिश्चित किया जाये, प्रदेश सरकार की मंशा है कि महिलाओं को किसी प्रकार से उत्पीड़न न होने पायें, इस दौरान प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं विषयक जागरूकता चैपाल का आयोजन भी ब्लॉक राबट्र्सगंज सभागार में किया गया, चैपाल शिविर के दौरान सदस्य ने उपस्थित जनमानस को सम्बोधित करते हुए कहा कि केन्द्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित हैं, जिसमें निराश्रित पेंशन, वृद्धा पेंशन, आयुष्मान कार्ड, कन्या सुमंगला योजना से आच्छादित बालिकाओं को लाभ दिया जा रहा है, बेटी-बचाओं-बेटी पढ़ाओ योजना से जनपद की महिलाओं को लाभान्वित भी किया जा रहा है। इस दौरान उन्होंने अन्नप्रासन एवं गोद भराई की रश्म अदायगी भी की। सदस्य द्वारा वृहद वृक्षारोपण अभियान के अन्तर्गत ब्लॉक परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया, इस मौके पर जिला कार्यक्रम अधिकारी विनीत सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी इन्द्रावती, पुलिस विभाग के अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

## सोनभद्र में वृक्षारोपण की वास्तविकता जानने की मांग,कांग्रेस नेता ने वन विभाग से मांगा 3 साल का कटे पेड़ों का हिसाब



सोनभद्र।सोनभद्र में कांग्रेस कमेटी के सदस्य आशुतोष कुमार दुबे ने वन विभाग से पिछले तीन साल के वृक्षारोपण का पूरा ब्योरा मांगा है। उन्होंने प्रभागीय वन अधिकारी दिनेश सिंह को एक ज्ञापन सौंपा। दुबे ने कहा कि जिले में करोड़ों की संख्या में पेड़ लगाने का दावा किया जा रहा है। साथ ही विकास कार्यों के नाम पर बड़ी संख्या में पेड़ काटे भी जा रहे हैं। उन्होंने इन पेड़ों की वास्तविक स्थिति जानने की मांग की है।पिछले 3 सालों में लगाए गए पेड़ों की संख्या और उनकी वर्तमान स्थिति,जियो टैगिंग के माध्यम से ट्रैक किए गए पेड़ों का विवरण,सड़क निर्माण में कटे पेड़ों की संख्या और उनकी भरपाई में लगाए गए नए पेड़ों का विवरण। कांग्रेस नेता ने कहा कि सोनभद्र प्रदूषण के कारण एनजीटी की निगरानी में है। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या फूल के पौधों को भी वृक्षारोपण में गिना जा रहा है। साथ ही यह भी जानना चाहा कि सरकार का वृक्षारोपण कार्यक्रम वास्तव में जमीन पर दिख रहा है या केवल कागजों तक सीमित है। कार्यक्रम में उपस्थित युवा कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष सूरज वर्मा ने कहा कि वृक्ष जीवन की एक कड़ी है और इसमें सभी को हिस्सा लेना चाहिए और रखरखाव भी करना चाहिए, एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष अंशु गुप्ता ने कहा कि सोनभद जनपद में वृक्ष बाहुल्य क्षेत्र है और पौधरोपण आम जनमानस की जीविका एवं प्रदूषण को रोकने के लिए सबसे उपयुक्त साधन है, कांग्रेस नेता मनोज मिश्रा ने कहा कि पौधरोपण केवल करना ही जिम्मेदारियां नहीं होता उसका रखरखाव बचाव भी इसका प्रमुख बिंदु है ,कांग्रेस नेता श्रीकांत मिश्रा ने कहा कि जहां जनपद में वन लंबे समय से काटे जा रहे हैं वहीं अगर पौधरोपण हो रहा है तो एनजीटी की रिपोर्ट जिले के विपरीत क्यों है यह भी देखना अति आवश्यक है। मुख्य रूप से उपस्थित रहने वालों में युवा कांग्रेस के जिला महासचिव दयाराम प्रजापति,निगम वियार ,सूरज कुमार ,धर्मेंद्र कोल रहे ।

## प्रकृति से जो पाया है उसे लौटाने का प्रयास है पौध-रोपणः बलदेव सिंह, पर्यावरण के संकल्प का प्रकटिकरण है एक पेड़ मां के नामःजगत मोहन



(आधुनिक समाचार नेटवर्क) सोनभद्र। सदर ब्लाक अंतर्गत साधन सहकारी समिति सजौर परिसर में मां के नाम पौध रोपण अभियान के तहत मुख्य अतिथि बलदेव सिंह संचालक जिला सहकारी बैंक लिमिटेड मिर्जापुर सोनभद्र एवं जगत मोहन मिश्रा अध्यक्ष साधन सहकारी समिति सजौर द्वारा पौध रोपण करते हुए आयोजित की गई गोष्ठी मौजूद लोगों को पर्यावरण संरक्षण के लिए पौध रोपण के लिए दिलाई गई शपथ। इस दौरान बलदेव सिंह संचालक जिला सहकारी बैंक लिमिटेड मिर्जापुर सोनभद्र, जगत मोहन मिश्रा अध्यक्ष साधन सहकारी समिति सजौर ने बताया कि आज हम सभी लोग प्रकृति से जो पाया है उसे लौटाने का प्रयास है पौध-रोपण वही पर्यावरण संरक्षण के संकल्प का प्रकटिकरण है एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम जिसमें उपस्थित लोगों द्वारा बढ़ चढ़ कर पेड़ लगाने की अपील करते हुए सभी को शपथ के माध्य से संकल्प दिलाया गया।डीडीएम नाबार्ड आनंद कुमार पांडेय व एलडीएम, सलन बागे देवेंद्र प्रताप सिंह सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण और वसुंधरा को संवारने के उनके मन के भाव और संकल्प का प्रकटिकरण है। पौध-रोपण का यह अभियान, परमात्मा से प्रकृति के रूप में जो हमें प्राप्त हुआ है, उसे वापस लौटाने का एक प्रयास भी है। विकास के क्रम में हुए प्रकृति के क्षरण की प्रतिपूर्ति करने और संतुलन बनाए रखने में भी पौध-रोपण से मदद मिल रही है इस मौके पर समिति सचिव कमलेश शर्मा और अमित कुमार, सूरज मिश्रा, बंटी पांडे आशुतोष कुमार मिश्रा ( संचालक सदस्य) मनोज चौबे (सभासद नगर पालिका परिषद सोनभद्र)मौजूद रहे।

## गुरु पूर्णिमा पर्व, हुआ सद्गुरु पूजन व हवन का आयोजन,भंडारे में भक्तों ने किया प्रसाद ग्रहण



(आधुनिक समाचार नेटवर्क) सोनभद्र। जनपद मुख्यालय रॉबर्ट्सगंज के मां गायत्री ज्ञान मंदिर परिसर में आदि पर्व गुरु पूर्णिमा के अवसर पर सद्गुरु पूजन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गायत्री परिवार के संस्थापक, अध्यात्मिक चेतना के माध्यम से संपूर्ण विश्व में आध्यात्मिक जागृति फैलाने वाले आचार्य पंडित श्रीराम शर्मा, गुरु माता के चित्र पूजन- अर्चन कर हवन का कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर जिला समन्वयक राजकुमार 'तरुण' कहा कि-' गुरुजी के नाम मात्र से ही हम सब की समस्याओं का हल हो जाता है, गायत्री परिवार द्वारा आओ गढे संस्कारवान पीढ़ी अभियान से हम सबको जुड़ कर आगामी पीढ़ी को संस्कारवान बनाना चाहिए, आचार्य पंडित श्रीराम शर्मा ने भारत के लोगों को वेद पढ़ने का अधिकार देकर सदियों से वेद अध्ययन पर लगी रोक को हटाया गायत्री परिवार के जिलासह समन्वयक अरविंद कुमार सिंह कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों, श्रद्धालु का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सद्गुरु पूजन, विभिन्न संस्कार संपादित कराए गए एवं आयोजित भंडारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में राजकुमार तरुण, अरविन्द सिंह, दीपक कुमार केसरवानी, प्रकाश केशरी,राम देव, बंशनरायण, लालता प्रसाद, गोविंद उमर, मनोज सिंह, अरूण,मुन्श जी, गीता, कुसुम, प्रतिभा देवी, सूमन, ऊषा,रेखा, पुष्पा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## प्रकृति का संलुतन बनाये रखने हेतु हर व्यक्ति को पौध रोपण करना जरूरी-डीएम, 1करोड़ 58 लाख 76 हजार 400 पौधा जनपदवासियों ने रोपित किये



सोनभद्र।एक पेड़ मां के नाम लगाने हेतु जनपद में 1करोड़ 58 लाख 76 हजार 400 पौधा जनपदवासियों द्वारा रोपित किये जा रहे हैं।बताते चले कि राज्यमंत्री समाज कल्याण विभाग संजीव कुमार गोंड, विधायक घोरावल डॉ0 अनिल कुमार मौर्य, जिलाधिकारी बी.एन. सिंह, पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा, मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी, भाजपा जिलाध्यक्ष नन्दलाल गुप्ता, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष रूबी प्रसाद,सतीश श्रीवास्तव ,पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक मिश्रा,जिला विकास अधिकारी हेमन्त कुमार सिंह, ब्लाक प्रमुख सदर अजीत रावत ने आज मुख्यमंत्री के वृक्षारोपण जन अभियान के अन्तर्गत प्रदेश में 37 करोड़ पौध रोपित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसके क्रम में आज ब्लाक राबर्ट्संज के ग्राम पंचायत लोढ़ी में वृक्षारोपण किये। मंत्री ने लोढ़ी में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में उपस्थित जनमानस को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने देशवासियों से एक पेड़ मां के नाम लगाने का एक अभिनव आवाहन किया है। .मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में ग्लोबल वार्मिंग से बचाव व पर्यावरण संतुलन को बनाए रखने हेतु वृक्षारोपण जन अभियान-2025 पेड़ लगाओ-पेड़ बचाओ, चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत उत्तर प्रदेश के सभी जनपदों में एक ही बुधवार को 37 करोड़ पौधे रोपित किए जा रहे हैं, मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से अपील किया है कि एक पेड़ मां के नाम अभियान के साथ एक पेड़ अवश्य लगाएं। उन्होंने कहा कि पर्यावरण की रक्षा के लिए प्रत्येक व्यक्ति को पेड़ लगाना चाहिए, पेड़ लगाओ देश बचाओ अभियान को आगे बढ़ाना है, देश के प्रधानमंत्री ने आह्वान किया है कि एक पेड़ मां के नाम लगाए, मां की ही तरह पेड़ छाया देने का कार्य करते हैं सभी बच्चे अपने घर पर अपनी मां के नाम पर दो पौधे अवश्य लगाये। इस अवसर पर विधायक घोरावल डॉ0 अनिल कुमार मौर्य ने कहा कि जीवन को सुरक्षित रखने के लिए पेड़ लगाना जरूरी है, पेड़ के माध्यम से हमें आक्सीजन व शुद्ध हवा मिलती है और चारों तरफ हरियाली रहती है, एक पेड़ मॉ के नाम अभियान के अन्तर्गत सभी को वृक्ष का रोपण जरूर करना चाहिए। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष नन्दलाल गुप्ता ने अधिक से अधिक वृक्ष लगाने की अपील की। इस दौरान जिलाधिकारी बी.एन.सिंह ने कहा कि प्रदेश में 37 करोड़ वृक्षारोपण के सापेक्ष जनपद में 1 करोड़ 58 लाख 76 हजार 400 पौधा जनपदवासियों द्वारा रोपित किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जनपद लखीमपुर खीरी के बाद जनपद सोनभद्र को सबसे अधिक पौधरोपण का लक्ष्य प्रदेश में मिला है। हम लोग प्रकृति से बहुत कुछ लेते हैं, लेकिन वापस कुछ नहीं देते, प्रकृति का संलुतन बनाये रखने हेतु हर व्यक्ति को वृक्षारोपण जरूर करना चाहिए, पिछले 8 वर्षों से प्रर्देश में वृक्षारोपण का महाभियान मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ के नेतृत्व में चलाया जा रहा है, इस अभियान से प्रदेश को यह उपलब्धि प्राप्त हुई है, प्रदेश के वन क्षेत्र में वृद्धि हुई हैं, इसी क्रम में हरितिमा एप के माध्यम से अन्य विभागों द्वारा पौधों का जियो टैगिंग का कार्य किया जाएगा। वृक्षारोपण जन अभियान 2025 में प्रतिभाग कर रहे समस्त विभागों द्वारा वृक्षारोपण के दौरान ली गई फोटोग्राफ,वीडियो संबंधित विभाग द्वारा रजिस्ट्रेशन कर अपलोड किया जाएगा। जनपद में जामुन, आम ,अमरूद ,पीपल, पाकड़ ,बरगद ,आंवला, नीम, शीशम, अर्जुन ,सेमल, कांजी आदि प्रजाति के पौधे रोपित किए जा रहे है।

## समाज को एक आईना दिखाने का काम करते हैं गुरुः पुष्पा सिंह भाजपा महिला मोर्चा ने गुरु पूर्णिमा पर गुरु जनों को किया सम्मानित




सोनभद्र। रावटसगंज नगर स्थित राजा शारदा इंटरमीडिएट कॉलेज परिषद में गुरुवार को गुरु पूर्णिमा के दिन गुरु जनों को भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष पुष्पा सिंह के नेतृत्व में अगवस्त देकर किया गया सम्मानित। महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष पुष्पा सिंह ने बताया कि सभी धर्म कर्मों में गुरु का दर्जा सबसे सर्वश्रेष्ठ माना गया है सर्वप्रथम गुरु सम्मान से ही मनुष्य का सम्मान होता है गुरुजनों के मार्गदर्शन से एक शिक्षित समाज की उत्पत्ति होती है सदैव अपने तट पर रहने वाले गुरुजनों का सम्मान समारोह कर आशीर्वाद लेने का काम किया गया इस दौरान प्रधानाचार्य डॉक्टर बृजेश कुमार सिंह, कीड़ा सचिव सुनील कुमार राव, राकेश चंद शुक्ला, कविता यादव, रत्ना,सुजाता सिंह शाहिद अन्य को अंग वस्त्र देकर किया गया सम्मानित । इस मौके पर कविता यादव, रितु आग्रहरि, प्रतिभा मोहन,खुशी,रानी,संगीता,अमृता आदि लोग मौजूद रहे।

## समाजवादी पार्टी पीडीए जन पंचायत में उमड़ा जन सैलाब



(आधुनिक समाचार नेटवर्क) सोनभद्र। समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय प्रभारी अनिल प्रधान ने बताया कि समाजवादी पार्टी जनपद सोनभद्र के विधानसभा घोरावल की बैठक घोरावल में की गई एवं पीडीए जन पंचायत लगाया गया जिसकी अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष बाबूलाल यादव ने किया।बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष राम निहोर यादव और विशिष्ट अतिथि में पूर्व विधायक रमेश चंद्र दुबे एवं जिला अध्यक्ष संजय यादव उपस्थित थे। समाजवादी पार्टी के पीडीए जन पंचायत को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी जिला अध्यक्ष राम निहार यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष है ऐसे नेता है जो हर समाज को एक साथ लेकर चलने का काम कर रहे हैं और उनकी लड़ाई सदन से लेकर सड़क तक लड़ने का काम कर रहे हैं । समाजवादी पार्टी ही एक ऐसी पार्टी है जो हर वर्ग को साथ लेकर चलने का काम करती है । समाजवादी पार्टी के एक-एक कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है कि गांव-गांव जाकर समाजवादी पार्टी की नीतियों को बताने का काम करें और ग्रामीण जनता की समस्याओं को सुनने का काम करें। बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक रमेश चंद दुबे एवं पूर्व जिला अध्यक्ष संजय यादव ने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश की भाजपा सरकार समाजवादी पार्टी के कार्यकाल में हुए सभी कार्यों को बंद कर दिया है और जो कार्य किए थे वह भी आज क्षतिग्रस्त हो रहा है जिससे आम जनता को बहुत बड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यह केंद्र एवं प्रदेश की सरकार केवल पूंजी पतियों की सरकार है। इसे गरीबों मजदूरों नौजवानों किसानों अल्पसंख्यकों और हर तबके के पिछड़ों से कोई लेना देना नहीं है । यह सरकार केवल पूंजी पतियों की सरकार है। इस सरकार में चारों तरफ हत्याएं लूट बलात्कार एवं यहां तक की सरकारी कार्यालय में चोरी होने पर यदि उसकी शिकायत दर्ज कराई जाती है तो उसका भी पुलिस प्रशासन संज्ञान नहीं ले रहा है तो आम जनता का पुलिस प्रशासन क्या सुनेगी। पीडीए पंचायत में मुख्य रूप से नगर पंचायत घोरावल के अध्यक्ष रमजान अली काजू अग्रहरि लतीफ सुरेश लाल यादव रमेश मिश्रा पप्पू पाल अशोक यादव सुभाष यादव अजय यादव अमरजीत के साथ सैकड़ो पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता और आम जनता उपस्थित थे।

## दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार,सोनभद्र में पीड़िता की शिकायत के 2 दिन बाद ओबरा पुलिस ने पकड़ा




सोनभद्र। सोनभद्र में ओबरा पुलिस ने दुष्कर्म के एक मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान बलिराम (25) के रूप में हुई है। वह ग्राम बैरपुर टोला नदहरी का रहने वाला है। पीड़िता ने 8 जुलाई को थाना ओबरा में शिकायत दर्ज कराई थी। उसने आरोप लगाया था कि बलिराम ने जान से मारने की धमकी देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने तत्काल मामला दर्ज कर लिया। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अशोक कुमार मीणा ने आरोपी की जल्द गिरफ्तारी के निर्देश दिए थे। अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार और क्षेत्राधिकारी ओबरा हर्ष पाण्डेय के मार्गदर्शन में टीम ने कार्रवाई की। 10 जुलाई को सुबह करीब 8:30 बजे मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने आरोपी को गांधी मैदान कस्बा ओबरा के पास से गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार सिंह और कांस्टेबल अनुराग तिवारी की टीम ने यह कार्रवाई की। आरोपी के खिलाफ धारा 64(2), 352, 351(3) बीएनएस और 67 आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया है।

## रेणुकूट में तेज रफ्तार ट्रक ने ट्रेलर को मारी टक्कर,चालक हुआ फरार, ट्रेलर का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त,कोई हताहत नहीं




सोनभद्र। रेणुकूट के पिपरी थाना क्षेत्र में हनुमान मंदिर के पास बुधवार दोपहर 1:30 बजे एक दुर्घटना हुई। एक तेज रफ्तार ट्रक ने सामने से आ रही ट्रेलर में टक्कर मार दी। ट्रेलर चालक अवधेश सिंह अनपरा से रायगढ़ की ओर जा रहे थे। उन्होंने सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक को देखकर गाड़ी साइड करने का प्रयास किया। लेकिन ट्रक अनियंत्रित होकर सीधे ट्रेलर से टकरा गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रेलर के अगले हिस्से को भारी नुकसान पहुंचा। ट्रेलर का अगला शीशा और बायां दरवाजा पूरी तरह टूट गया। हालांकि, इस हादसे में ट्रेलर चालक और खलासी बाल-बाल बच गए। दुर्घटना के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही पिपरी पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने यातायात सामान्य कराया और फरार ट्रक चालक की तलाश शुरू कर दी है।

## ओबरा में बाइक दुर्घटना में युवक की मौत,परास पानी के पास हादसा, माथे में लगी गंभीर चोट



सोनभद्र। चोपन थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में 22 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान भगवान दास गौड़ के रूप में हुई है, जो सोमार गौड़ का पुत्र था। घटना 9 जुलाई की रात करीब 12 बजे की है। भगवान दास अपनी हीरो स्प्लेंडर बाइक (यूपी 64 बीबी 8603) से गुरमुरा से तेल गुड़वा की ओर जा रहा था। परास पानी के पास उनकी बाइक अनियंत्रित हो गई। दुर्घटना में उनके माथे पर गंभीर चोट आई। घायल को तत्काल एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) चोपन ले जाया गया।वहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक के चाचा संदीप कुमार गोंड ने 10 जुलाई को थाने में लिखित सूचना दी। थाना चोपन के एसएसआई उमाशंकर यादव ने बताया कि आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। क्षेत्र में यातायात व्यवस्था सामान्य है और कानून व्यवस्था की कोई समस्या नहीं है।

## सोनभद्र के नौ डीहा में बिजली संकट,किसानों को कृषि कार्यों में परेशानी,नियमित आपूर्ति की मांग



सोनभद्र। सोनभद्र जिले के कोन ब्लॉक स्थित ग्राम सभा नौ डीहा में बिजली आपूर्ति की गंभीर समस्या सामने आई है। ग्रामीणों का कहना है कि लगातार बिजली कटौती से उनका दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है। विशेष रूप से किसानों को कृषि कार्यों में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। बिजली की अनियमित आपूर्ति से सिंचाई कार्य बाधित हो रहे हैं। ग्रामीणों ने बिजली विभाग से बिजली कटौती न करने का आग्रह किया है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि नियमित बिजली आपूर्ति से न केवल कृषि कार्य सुचारू रूप से चल सकेंगे, बल्कि उनका दैनिक जीवन भी सामान्य हो सकेगा। ग्रामीणों ने बिजली विभाग से इस समस्या का जल्द समाधान करने की मांग की है।

# तुम घबरा गए, जीवन की सबसे बड़ी भूल... ब्रायन लारा का रिकॉर्ड नहीं तोड़ने पर वियान मुल्डर को किसने लताड़ा?

नई दिल्ली। वियान मुल्डर के दक्षिण अफ्रीका की पारी घोषित करने के फैसले ने क्रिकेट जगत को दो फाड़ कर दिया है। मुल्डर 367 रन पर नाबाद थे, जो ब्रायन लारा के 400 रनों के विश्व रिकॉर्ड से सिर्फ 33 रन कम था। उनके इस फैसले पर पूर्व वेस्टइंडीज के कप्तान क्रिस गेल ने तीखी प्रतिक्रिया दी है, जो खुद दो तिहरे शतक (श्रीलंका के खिलाफ 333 और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 317) लगा चुके हैं। गेल ने कहा कि जिम्बाब्वे के खिलाफ दूसरे टेस्ट में लारा के 400 के रिकॉर्ड को तोड़ने की कोशिश न करके मुल्डर ने 'घबराकर गलती' की। वियान मुल्डर ने तोड़ा हाशिम अमला का रिकॉर्ड मुल्डर ने हाशिम अमला के 311 के रिकॉर्ड को तोड़ते हुए दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज द्वारा सर्वोच्च स्कोर बनाया और टेस्ट पारी में सर्वकालिक सर्वोच्च स्कोर बनाने वालों की सूची में पांचवें स्थान पर पहुंच गए। यह किसी बल्लेबाज द्वारा घर से बाहर बनाया गया सर्वोच्च स्कोर भी था, जिसने ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान मार्क टेलर के पाकिस्तान के खिलाफ 334 के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। मुल्डर ने अपना तिहरा शतक 297 गेंदों में पूरा किया, जो वीरेंद्र सहवाग के चेन्नई में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 278 गेंदों के रिकॉर्ड के बाद टेस्ट इतिहास का दूसरा सबसे तेज तिहरा शतक था।मुल्डर के पास 2004 में



इंग्लैंड के खिलाफ लारा के 400 के रिकॉर्ड को पार करने का सुनहरा अवसर था, लेकिन उन्होंने ऐसा न करने का फैसला किया, यह कहते हुए कि रिकॉर्ड लारा जैसे दिग्गजों के पास रहना चाहिए। रिकॉर्ड का पीछा न करने का उनका तर्क उनके 367 पर पारी घोषित करने के फैसले जितना ही चर्चा में रहा। वियान मुल्डर की इस पारी पर प्रतिक्रिया देते हुए, क्रिस गेल ने कहा कि वह लारा के रिकॉर्ड को तोड़ने का प्रयास करते क्योंकि टेस्ट क्रिकेट में 400 रन बनाने का मौका बारबार नहीं मिलता। टॉकस्पोर्ट के हॉक्सबी और जैकब्स पर गेल ने कहा, 'अगर मुझे 400 रन बनाने का मौका मिलता, तो मैं 400 रन बनाता।'गेल ने आगे कहा, 'ऐसा अक्सर नहीं होता। आपको नहीं पता कि आप फिर से तिहरा शतक कब लगाएंगे। जब भी आपको ऐसा मौका मिले, आप उसका अधिकतम लाभ उठाने की कोशिश करें। लेकिन वह इतने उदार थे और कहा कि वह रिकॉर्ड ब्रायन लारा के साथ रहना चाहते थे। शायद वह घबरा गए थे; उन्हें समझ नहीं आ रहा था कि उस स्थिति में क्या करें।' मुल्डर ने दक्षिण अफ्रीका के मुख्य कोच शुक्री कॉनराड के साथ अपनी बातचीत का भी खुलासा किया, जिन्होंने उनसे कहा था, 'दिग्गजों को बड़े स्कोर रखने दें।'इस पर गेल ने कहा कि अगर आप दिग्गज नहीं बनना चाहते तो आप कभी नहीं बन पाएंगे। अरे, तुम 367 पर हो, तुम्हें रिकॉर्ड पर एक मौका लेना होगा। अगर तुम एक दिग्गज बनना चाहते हो, तो तुम दिग्गज कैसे बनोगे? रिकॉर्ड दिग्गज होने के साथ आते हैं। मुझे लगता है कि उनकी तरफ से एक गलती थी, इसे हासिल करने की कोशिश न करना। हम नहीं जानते कि वह इसे हासिल कर पाते या नहीं। लेकिन उन्होंने 367 पर पारी घोषित कर दी और उन्होंने वही कहा जो उन्हें कहना था। लेकिन सुनो, टेस्ट मैच में 400 रन बनाना जीवन में एक बार मिलने वाला अवसर है। अरे, तुमने बड़ी गलती कर दी। गेल ने कहा कि टेस्ट क्रिकेट में विपक्षी टीम कोई मायने नहीं रखती। एक रिकॉर्ड एक रिकॉर्ड होता है और टेस्ट स्तर पर किसी भी टीम के खिलाफ स्कोर करना मुश्किल होता है। गेल ने कहा- यह वही क्रिकेट है, टेस्ट क्रिकेट। 'कभीकभी आप जिम्बाब्वे जैसी टीम के खिलाफ एक रन भी नहीं बना सकते, अगर आप इसे उस तरह से रखना चाहते हैं। विरोधी कोई मायने नहीं रखता, अगर आप किसी भी टीम के खिलाफ 100 रन बनाते हैं, तो वह एक टेस्ट शतक है। अगर आप दोहरा या तिहरा, 400 बनाते हैं, तो वह टेस्ट क्रिकेट है। यह परम खेल है।' यूनिवर्स बॉस ने एक बार फिर जोर देकर कहा कि मुल्डर घबरा गए और उन्होंने गलती की।

# दाल में बनते हैं झाग? डाइटिशियन ने कहा खाना भी मत, शरीर के लिए हद से ज्यादा खतरनाक

नयी दिल्ली। डाइट में दाल लेना बहुत हेल्दी है। यह शरीर की ताकत बढ़ाने में मदद करती है। साथ में खूब सारा प्रोटीन, फाइबर, विटामिन और मिनरल मिलते हैं। हाई कोलेस्ट्रॉल और मोटापे में इन्हें जरूर खाना चाहिए। लेकिन क्या आप इसे बनाने का सही तरीका जानते हैं। क्योंकि गलत तरीके से पकाने पर दाल में झाग बन जाते हैं जो कि खतरनाक हो सकते हैं।



डाइटिशियन रमिता कौर का कहना है कि दाल और फलियों को उबालने या पकाने पर झाग बनते हैं। यह शरीर के लिए हानिकारक हो सकते हैं। ऐसा इसके अंदर मौजूद एक कंपाउंड की वजह से होता है। जो बॉडी को नुकसान पहुंचा सकता है। उन्होंने इन्हें पकाने से पहले एक काम करने की सलाह दी है।फैबेसी और लेग्युमिनसी फैमिली के खाद्य पदार्थों को फलियां कहा जाता है। सारी दाल और फलियां इसी कुल से आती हैं। इसमें सबसे आम मूंग दाल, उड़द दाल, अरहर आदि सारी दालें, फावा बीन्स, मूंगफली, छोटे, राजमा आदि आते हैं। यह काफी पौष्टिक होते हैं और पाचन को बेहतर बनाते हैं।दाल और फलियों में मौजूद सैपोनिन से झाग बनता है। इनके अंदर सैपोनिन नाम का ग्लाइकोसाइड होता है। जब यह पानी के संपर्क में आता है तो घुल जाता है। उबलने पर यह हवा को फंसा लेता है और झाग बना देता है।डाइटिशियन रमिता कौर के मुताबिक दाल में मौजूद सैपोनिन खतरनाक होता है। क्योंकि ग्लाइकोसाइड का नेचुरल स्ट्रक्चर डैमेज होता है और ऐसे पदार्थ का सेवन हानिकारक हो सकता है। इसलिए दाल से इस झाग को हटा देना चाहिए। इसके लिए चम्मच की मदद ले सकते हैं।इस झाग को खाने से पेट और पाचन की दिक्कतें होती हैं। इसमें ब्लोटिंग, एसिडिटी, सीने में जलन और अपच सबसे आम हैं। यह परेशानी दिखने में काफी आम हैं, लेकिन लंबे समय में रोजमर्रा की जिंदगी को काफी प्रभावित कर सकती हैं।पाचन से जुड़ी इन परेशानियों से बचने के लिए दाल, छोले, फलियों आदि को भिगोकर रखें। आप इन्हें रातभर भिगोकर रख सकते हैं, जिससे इनका डायजेशन आसान हो जाता है। पकाने के दौरान इस झाग को हटा भी दें। डिस्क्लेमरः लेख में दिए गए नुस्खे की जानकारी व दावे पूरी तरह से इंस्टाग्राम पर प्रकाशित रील पर आधारित हैं। एनबीटी इसकी सत्यता, सटीकता और असर की जिम्मेदारी नहीं लेता है। किसी भी तरह के नुस्खे को आजमाने से पहले किसी एक्सपर्ट की सलाह जरूर लें।

# फीफा रैंकिंग में भारतीय फुटबॉल टीम 6 स्थान फिसली,133वें स्थान में पहुंची; 9 सालों में सबसे खराब रैंकिंग

नयी दिल्ली। भारतीय मेंस फुटबॉल टीम को इंटरनेशनल फेडरेशन कोच मैनोलो मार्केज ने अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ से नाराज चल रहे एशिया के 46 देशों में भारत 24वें स्थान पर है। एशियाई देशों में जापान खराब प्रदर्शन के चलते पूर्व कप्तान और स्टार स्ट्राइकर सुनील छेत्री को रिटायरमेंट के



फुटबॉल एसोसिएशन की रैंकिंग में 6 स्थान का नुकसान हुआ है।

टीम अब 133वें स्थान पर पहुंच गई है, जो पिछले 9 सालों में सबसे खराब रैंकिंग है। भारत को 4 जून को थाईलैंड के खिलाफ इंटरनेशनल फ्रेंडली में 0-2 से हार मिली थी। इसके बाद एशियन कप क्वालिफायर में लोअर रैंक टीम हांगकांग ने भारत को 1-0 से हरा दिया। इन खराब प्रदर्शन के चलते हैं।

उन्होंने एक हफ्ते पहले ही टीम के कोच पद से इस्तीफा दे दिया। 2016 के बाद सबसे खराब रैंकिंग इससे पहले भारत की सबसे खराब रैंकिंग दिसंबर 2016 में 135 थी। भारत की अब तक की सर्वश्रेष्ठ फीफा रैंकिंग 94 रही है, जो फरवरी 1996 में मिली थी। एशिया में 24वां स्थान भारत के अब 1113.22 अंक हैं, जो पहले 1132.03 थे।

(17वां स्थान) टॉप पर है।एशियन कप 2027 क्वालिफाई करना मुश्किल हांगकांग से हार के बाद भारत की 2027 एशियन कप में क्वालिफाई करने की उम्मीदों को झटका लगा है। कोच मार्केज के अंडर टीम ने आखिरी 8 में सिर्फ 1 मैच मार्च में मालदीव के खिलाफ जीता। इस साल का प्रदर्शन बेहद कमजोर 2025 में भारत ने अब तक 4 इंटरनेशनल मैच खेले, जिसमें 1 जीता, 1 ड्रॉ किया और 2 हारे।

बाद वापस बुलाया गया, लेकिन टीम की किस्मत नहीं बदली।भारत का अगला मैच अक्टूबर में अब भारत को अक्टूबर में एशियन कप क्वालिफायर के तीसरे राउंड में सिंगापुर के खिलाफ बाहर (अवे) मैच खेलना है। दुनिया में अर्जेंटीना नंबर 1 फीफा की कुल 210 टीमों में अर्जेंटीना पहले, उसके बाद स्पेन, फ्रांस, इंग्लैंड, ब्राजील, पुर्तगाल, नीदरलैंड, बेल्जियम, जर्मनी और क्रोएशिया टॉप-10 में हैं।

# डॉक्टर की चेतावनी, टाइट बेल्ट न पहनें,ब्लड सर्कुलेशन पर असर, हर्निया का रिस्क

नयी दिल्ली। आजकल लोग पैंट में टाइट बेल्ट पहनना स्टाइल और स्मार्टनेस की निशानी मानते हैं। खासकर पुरुषों में यह आम चलन बन गया है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि अगर बेल्ट जरूरत से ज्यादा टाइट हो तो यह धीरे-धीरे आपकी सेहत को नुकसान पहुंचा सकती है। पेट पर दबाव डालने वाली यह आदत गैस, कमर दर्द से



लेकर गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकती है। जानेंगे एक्सपर्टः डॉ. बी. ए. चौरसिया, कंसल्टेंट, इंटरनल मेडिसिन, कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल, मुंबई जी से कुछ सवाल जवाब के माध्यम से। सवाल- टाइट बेल्ट पहनना क्यों खतरनाक है? जवाब- जब आप टाइट बेल्ट पहनते हैं तो पेट, कमर और आसपास की नसों पर जरूरत से ज्यादा दबाव पड़ता है। इससे खाना ठीक से नहीं पचता है। गैस और एसिडिटी की समस्या हो सकती है। लंबे समय तक टाइट बेल्ट पहनने से कमर दर्द, रीढ़ की हड्डी पर असर और पैरों में सुन्नपन जैसा महसूस होना भी शुरू हो सकता है। यह आदत धीरे-धीरे गंभीर हो सकती है।सवाल- टाइट बेल्ट पहनने से पुरुषों की प्रजनन क्षमता कैसे प्रभावित होती है? जवाब- डॉ. बी. ए. चौरसिया बताते हैं कि टाइट बेल्ट पहनने से पेल्विक एरिया यानी कमर और निचले पेट पर ज्यादा दबाव पड़ता है। इससे उस हिस्से का ब्लड सर्कुलेशन प्रभावित होता है और तापमान बढ़ जाता है। स्पर्म बनने के लिए पेल्विक एरिया का तापमान सामान्य से थोड़ा कम होना जरूरी होता है। टाइट बेल्ट की वजह से तापमान बढ़ने से स्पर्म की क्वालिटी और उनकी संख्या दोनों कम हो सकते हैं। लंबे समय तक टाइट बेल्ट से पुरुषों की फर्टिलिटी पर नेगेटिव असर पड़ सकता है है। सवाल- टाइट बेल्ट ब्लड सर्कुलेशन को कैसे प्रभावित करती है? जवाब- टाइट बेल्ट से कमर और पेट के आसपास की नसों और ब्लड वेसल्स पर दबाव पड़ता है। इससे वहां खून का सही तरीके से फ्लो नहीं हो पाता है, जिससे ब्लड सर्कुलेशन धीमा हो सकता है। सवाल- टाइट बेल्ट पहनने से पाचन से जुड़ी समस्याएं क्यों हो सकती हैं? जवाब- टाइट बेल्ट पेट पर ऐसा दबाव डालती है जैसे पाचन तंत्र पर 'टॉर्निकेट' यानी कसाव लग जाना। इससे एसिड रिफ्लक्स, गैस और बदहजमी जैसी समस्याएं हो सकती हैं। सवाल- किन संकेतों से पहचान सकते हैं कि बेल्ट ज्यादा टाइट है? जवाब- अगर बेल्ट कसते ही आपको सांस लेने या हिलने-डुलने में दिक्कत हो, पेट या कमर में दर्द हो या बेल्ट की वजह से आपकी स्किन पर निशान पड़ जाएं तो समझिए बेल्ट बहुत टाइट है। बेल्ट इतनी होनी चाहिए कि आप आसानी से बैठ सकें और सांस ले सकें।सवाल- बेल्ट पहनते समय क्या सावधानियां बरतनी चाहिए? जवाब- बेल्ट पहनते समय कुछ जरूरी बातों का ध्यान रखना चाहिए ताकि पहनने में न सिर्फ आराम मिले, बल्कि लंबे समय तक इसका सही इस्तेमाल भी हो सके। हमेशा अपनी कमर के साइज के अनुसार ही बेल्ट चुनें, बहुत टाइट या ढीली बेल्ट कमर पर दबाव डाल सकती है या बार-बार ढीली होकर गिर सकती है। साथ ही बेल्ट को उस होल में लगाएं, जिससे पकड़ मजबूत बने और शरीर पर जरूरत से ज्यादा खिंचाव न आए।सवाल- बच्चों और युवाओं के लिए टाइट बेल्ट पहनना कितना सही है? जवाब- बच्चों और युवाओं को टाइट बेल्ट पहनने से बचना चाहिए क्योंकि उनकी हड्डियां, मांसपेशियां अभी विकास के प्रोसेस में होते हैं। बहुत टाइट बेल्ट पहनने से कमर और पेट पर लगातार दबाव पड़ता है, जिससे पाचन तंत्र, ब्लड सर्कुलेशन और रीढ़ की हड्डी पर नेगेटिव असर पड़ सकता है। इसलिए सही तरीका यह है कि- बेल्ट कभी भी इतनी टाइट न हो कि सांस लेने या झुकने में तकलीफ हो। बच्चों को बेल्ट की बजाय इलास्टिक वाली कमरबंद पैंट पहनाना बेहतर होता है। युवाओं को हमेशा अपनी कमर के नाप के हिसाब से बेल्ट चुननी चाहिए और उसे आरामदायक होल में लगाना चाहिए। खेलते वक्त या लंबे समय तक बैठने की स्थिति में बेल्ट ढीली कर लेनी चाहिए ताकि शरीर पर दबाव न पड़े।सवाल- क्या महिलाओं के लिए भी टाइट बेल्ट पहनना नुकसानदायक हो सकता है? जवाब- हां, महिलाओं के लिए भी टाइट बेल्ट पहनना नुकसानदायक हो सकता है। उनके लिए बेहतर है कि- बेल्ट पहनते वक्त हमेशा कमर के नाप के हिसाब से ढीला और लचीला विकल्प चुनें। लंबे समय तक बैठने या काम करने की स्थिति में इलास्टिक या ड्रॉस्ट्रिंग वाले बॉटम्स ज्यादा आरामदायक होते हैं। फैशन के लिए बेल्ट पहना भी जाए तो केवल हल्के और शरीर से सटे नहीं रहने वाले विकल्प चुनें। सवाल- क्या टाइट बेल्ट पहनने की आदत से होने वाली समस्याएं समय के साथ ठीक हो सकती हैं?जवाब- हां, अगर टाइट बेल्ट




पहनने से होने वाली समस्याएं शुरुआती स्तर पर हैं और समय रहते आदत बदल दी जाए तो अधिकतर समस्याएं धीरे-धीरे ठीक हो सकती हैं। ऐसी स्थिति में सुधार में समय लगता है और कभी-कभी चिकित्सा या सर्जरी की भी जरूरत पड़ सकती है। इसलिए बेहतर यही है कि समय रहते सावधानी बरती जाए और बेल्ट पहनते समय शरीर को आराम देने वाली फिटिंग को प्राथमिकता दी जाए।

# लॉर्ड्स के म्यूजियम में सचिन तेंदुलकर की पेंटिंग,18 साल पुरानी फोटो से बनी है, अगले साल यहां से हटकर लॉर्ड्स के पवेलियन में लगेगी


लंदन। लॉर्ड्स के फेमस मैरीलेबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) म्यूजियम में



क्रिकेट के महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर की एक खास पेंटिंग का उद्घाटन किया गया।भारत और इंग्लैंड के बीच तीसरे टेस्ट मैच की शुरुआत से पहले यह इवेंट हुआ। यह पेंटिंग आर्टिस्ट स्टुअर्ट पियर्सन राइट ने बनाई है, जो एक फोटो के आधार पर तैयार की गई है। यह फोटो उन्होंने सचिन के घर पर करीब 18 साल पहले ली थी। यह पेंटिंग इस साल के अंत तक एमसीसी म्यूजियम में रहेगी, इसके बाद इसे लॉर्ड्स के ऐतिहासिक पवेलियन में लगाया जाएगा।यह मेरे लिए बहुत बड़ा सम्मान हैः तेंदुलकर तेंदुलकर ने इस अवसर पर कहा, यह मेरे लिए बहुत बड़ा सम्मान है। 1983 में जब भारत ने वर्ल्ड कप जीता था, तब मैंने पहली बार लॉर्ड्स को देखा था। मैंने हमारे कप्तान कपिल देव को ट्रॉफी उठाते देखा था, और वहीं से मेरी क्रिकेट यात्रा शुरू हुई थी। आज जब मेरी पेंटिंग लॉर्ड्स के पवेलियन में लगी है, तो लगता है कि मेरी यात्रा अब पूरी हो गई है। अपने करियर को याद करता हूं तो चेहरे पर मुस्कान आ जाती है। यह पल बेहद खास है। इस पेंटिंग की खास बात यह है कि यह फुल-लेंथ नहीं है, जैसा कि पहले की पेंटिंग्स थीं, बल्कि यह सचिन के सिर्फ सिर और कंधों पर बनी हैं।मैंने नए तरीके से बनायाः राइट कलाकार स्टुअर्ट राइट ने कहा, एमसीसी नहीं चाहता था कि यह पेंटिंग भी पहले जैसी हो, इसलिए मैंने एक नया तरीका अपनाया। मैंने सचिन के चेहरे पर ध्यान केंद्रित किया। उन्हें हीरो की तरह दिखाने के लिए पेंटिंग को बड़ा आकार दिया। उन्होंने आगे कहा कि मैंने हमेशा बैकग्राउंड को साधारण रखा है ताकि ध्यान सिर्फ व्यक्ति पर बना रहे। यह पेंटिंग सचिन तेंदुलकर के लंबे और गौरवशाली करियर के लिए हैं। घिसे हुए एल्यूमीनियम से बनाया गया पेंटिंग रिलीज में बताया गया कि जैसे-जैसे पेंटिंग पर काम आगे बढ़ा, कलाकार ने इसमें बदलाव किए और आखिर में यह अब्रेसिव एल्युमिनियम (घिसे हुए एल्यूमिनियम) पर तेल चित्र के रूप में तैयार हुई।इसका बैकग्राउंड ऐब्स्ट्रैक्ट है, जो सचिन की पुरानी बैटिंग को दर्शाता है। राइट इससे पहले कपिल देव, बिशन सिंह बेदी और दिलिप वेंगसरकर की भी पेंटिंग बना चुके हैं।एमसीसी का 'लॉर्ड्स पोर्ट्रेट प्रोग्राम' पिछले 30 सालों से चल रहा है, लेकिन एमसीसी ने 1950 के दशक से ही कला और ऐतिहासिक चीजें इकट्ठा करना शुरू किया था। एमसीसी म्यूजियम यूरोप का सबसे पुराना स्पोर्ट्स म्यूजियम है। 'लॉन्ग रूम गैलरी' को खेल जगत की सबसे ऐतिहासिक गैलरी माना जाता है। एमसीसी के पास करीब 3,000 तस्वीरें हैं, जिनमें से लगभग 300 पोर्ट्रेट्स हैं।

# प्रेग्नेंसी में मां की इस 1 आदत से शिशु के दिमाग पर पड़ता है बुरा असर, पैदा हो सकता है डरपोक बच्चा

नयी दिल्ली। यूं तो तनाव किसी भी परिस्थिति में ठीक नहीं होता, लेकिन अगर कोई महिला प्रेग्नेंसी के दौरान स्थिति में महिला के शरीर में 'कॉर्टिसोल' जैसे स्ट्रेस हार्मोन बनते हैं। ये हार्मोन प्लेसेंटा के जरिए सीधे गर्भ में पल रहे बच्चे



स्ट्रेस लेती है, तो इसका असर सिर्फ उसके स्वास्थ्य पर नहीं, बल्कि गर्भ में पल रहे शिशु पर भी गंभीर रूप से पड़ सकता है। कई रिसर्च में यह बात सामने आई है कि गर्भावस्था में मां के तनाव लेने से बच्चे की फिजिकल और मेंटल ग्रोथ प्रभावित हो सकती है। वहीं, इस विषय में डॉक्टर समरा मसूद ने भी अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक अहम जानकारी साझा की है, जिसमें उन्होंने बताया है कि प्रेग्नेंसी में स्ट्रेस किस तरह बच्चे को डरपोक, चिड़चिड़ा या एग्रेसिव बना सकता है। उन्होंने और क्या कुछ कहा, आइए जानते हैं विस्तार से।स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर समरा मसूद की ओर से जारी पोस्ट में कहा गया है कि प्रेग्नेंट महिला पर चिल्लाने से सिर्फ उसका नहीं, बल्कि गर्भ में पल रहे बच्चे का भी नुकसान होता है। दरअसल, जब पति या फिर कोई शख्स गुस्से में गर्भवती महिला पर चिल्लाता है, तो प्रेग्नेंट महिला को डर या घबराहट होने लगती है।गायनेकोलॉजिस्ट ओर से जारी पोस्ट में आगे बताया गया है कि इस तक पहुंचते हैं।डॉक्टर आगे बताती हैं कि अगर मां प्रेग्नेंसी के दौरान बार-बार या लंबे समय तक ज्यादा तनाव में रहती है, तो इसका सीधा असर बच्चे के शारीरिक और मानसिक विकास पर पड़ सकता है।डॉक्टर मसूद कहती हैं कि रिसर्च के अनुसार, प्रेग्नेंसी में अगर मां लंबे समय तक स्ट्रेस में रहती है, तो उसका असर बच्चे के स्वभाव पर भी पड़ सकता है। ऐसे बच्चे आगे चलकर ज्यादा बेचैन, डरे हुए या गुस्सैल हो सकते हैं।गायनेकोलॉजिस्ट के मुताबिक, मां के लगातार तनाव में रहने से प्रेग्नेंसी में भी कॉम्प्लिकेशन हो सकते हैं, जैसे- हाई बीपी, लो बर्थ वेट या फिर प्रीमैच्योर डिलीवरी तक हो सकती है। इसलिए महिलाएं इस बात का ध्यान रखें।डॉक्टर की ओर से जारी पोस्ट में यह भी कहा गया है कि सभी लोग यह ध्यान रखें कि प्रेग्नेंट महिला को प्यार, सम्मान और इमोशनल सपोर्ट दें, जिससे वह तनाव से दूर रहें। डिस्क्लेमरः लेख में दी गई सूचना इंस्टाग्राम रील पर आधारित है। एनबीटी इसकी सत्यता, सटीकता और असर की जिम्मेदारी नहीं लेता है।

# एक्स की सीईओ लिंडा याकारिनो ने इस्तीफा दिया,अब मस्क की एआई कंपनी एक्सएआई के साथ काम करेंगी

नयी दिल्ली। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स की सीईओ लिंडा याकारिनो ने दो साल काम करने के बाद बुधवार (9 जुलाई) को इस्तीफा दे दिया है। लिंडा ने एक्स पर पोस्ट शेयर कर इसकी जानकारी दी। लिंडा ने लिखा, 'वे अब ग्रोक चैटबॉट बनाने वाली मस्क की एआई कंपनी एक्स एआई के साथ काम करेंगी।' हालांकि उन्होंने ये नहीं बताया कि वे एक्स एआई में किस पद पर काम करेंगी। लिंडा ने पोस्ट कर लिखा, 'इलॉन मस्क के साथ जब मैंने पहली बार एक्स के लिए उनके विजन पर बात की थी, तब मुझे पता था कि यह मेरे लिए एक खास मौका होगा। मैं उनकी इस जिम्मेदारी के लिए आभारी हूं, जिसमें मैंने अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को बचाने, कंपनी को नई दिशा देने और एक्स को 'एवरीथिंग एप' में बदलने का काम किया।' उन्होंने एक्स की टीम की तारीफ करते हुए कहा कि 'उनके साथ मिलकर कंपनी में ऐतिहासिक बदलाव किए हैं। हमने सबसे पहले यूजर्स की सेफ्टी पर ध्यान दिया (खासकर बच्चों की) और विज्ञापनदाताओं का भरोसा फिर से जीता। इस टीम ने दिन-रात मेहनत की और कम्युनिटी नोट्स जैसे नए इनोवेशन्स से लेकर जल्द आने वाले एक्स मनी तक के लिए काम किया।' मस्क ने लिंडा के इस्तीफे के ऐलान पर सिर्फ 5 शब्दों में जवाब दिया। 'आपके योगदान के लिए धन्यवाद।'कम्युनिटी नोट्सः ये एक यूजर-बेस्ड फैक्ट-चेकिंग फीचर है। इसमें लोग पोस्ट्स पर गलत या भ्रामक जानकारी को हाइलाइट कर सकते हैं। इसका मकसद था मिसइन्फॉर्मेशन को कम करना और प्लेटफॉर्म को भरोसेमंद बनाना। पेमेंट सर्विसः लिंडा की अगुआई में एक्स ने एक नया फाइनेंशियल सर्विस फीचर शुरू करने की तैयारी की, जिसे एक्स मनी कहा गया। ये एक पेमेंट प्लेटफॉर्म है, जो यूजर्स को पैसे भेजने-लेने की सुविधा देगा, जैसे चीन का वी चैट। इसकी लॉन्चिंग उनके जाने से पहले होने वाली थी। ब्रांड सेफ्टी और एडवर्टाइजिंग टूल्सः लिंडा ने विज्ञापनदाताओं को वापस लाने के लिए कई टूल्स और पॉलिसीज शुरू कीं, जैसे कि ब्रांड सेफ्टी कंट्रोल्स।




इनसे एडवरटाइजर्स ये चुन सकते थे कि उनकी विज्ञापन नफरत भरे कंटेंट, अश्लील सामग्री, या हिंसक पोस्ट्स के पास न दिखें। इससे एपल, कॉमकास्ट, डिज्नी, और आईबीएम जैसे बड़े ब्रांड्स फिर से एक्स पर लौटे।लिंडा ग्रोक चैटबॉट बनाने वाली एआई कंपनी एक्सएआई के साथ काम करेंगी। पहली बार एक्सएआई के बारे में अप्रैल में जानकारी सामने आई थी। तब द वॉल स्ट्रीट जर्नल ने बताया था कि एलन मस्क ने 9 मार्च 2023 को एक्सएआई नाम की नई कंपनी बनाई है। अमेरिका के टेक्सास शहर के नेवादा में कंपनी का हेडक्वॉर्टर है और मस्क इसके एकमात्र लिस्टेड डायरेक्टर हैं। मस्क के फैमिली ऑफिस के डायरेक्टर जेरेड बिर्चेल को कंपनी का सेक्रेटरी बनाया गया है।59 साल की लिंडा एनबीसी यूनिवर्सल मीडिया एलएलसी में ग्लोबल ऐडवर्टाइजिंग एंड पार्टनरशिप्स की चेयरमैन हैं। 2011 में एनबीसी यूनिवर्सल मीडिया से जुड़ने के बाद उन्होंने कंपनी के लिए वन प्लेटफॉर्म क्रिएट किया था। वन प्लेटफॉर्म ने प्रीमियम वीडियो ईकोसिस्टम को बदल दिया। ये प्लेटफॉर्म ऐडवर्टाइजर्स को सभी स्क्रीन और फॉर्मेट में ऑडियंस तक रीच करने में मदद करता है।एपल, गूगल जैसे ब्रांड्स के साथ कॉमर्शियल पार्टनरशिप के लिए भी लिंडा जानी जाती हैं। वहीं फॉर्च्यून, फोर्ब्स जैसे पब्लिकेशन उन्हें प्रभावशाली और शक्तिशाली महिला चुन चुके हैं। लिंडा के एजुकेशन की बात करें तो उनके पास पेन स्टेट यूनिवर्सिटी से लिबरल आर्ट्स में डिग्री हैं। लिंडा की शादी क्लाउड पीटर माद्राजो से हुई है। दोनों इटैलियन मूल के हैं और न्यूयॉर्क में रहते हैं। 27 अक्टूबर 2022 को ट्विटर खरीदने के बाद मस्क ने सबसे पहले कंपनी के चार टॉप ऑफिशियल्स को निकाला था। इनमें सीईओ पराग अग्रवाल, फाइनेंस चीफ नेड सेगल, लीगल एग्जीक्यूटिव विजया गड्डे और सीन एडगेट शामिल थे। जब मस्क ने एक्स की कमान संभाली थी, तो उसमे करीब 7500 एम्पलाई थे, लेकिन अब 2500 के करीब ही बचे हैं। नवंबर 2022 में मस्क ने अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप समेत कई ब्लॉक अकाउंट को अनब्लॉक कर दिया था। उन्होंने एक्स पर ट्रंप की वापसी को लेकर एक पोल किया था। उन्होंने पूछा था, क्या प्रेसिडेंट ट्रंप का अकाउंट बहाल किया जाना चाहिए। हां या ना। 1.5 करोड़ से ज्यादा यूजर्स ने वोटिंग में हिस्सा लिया और 52फीसदी लोगों ने हां में जवाब दिया था।12 दिसंबर 2022 को इलॉन मस्क ने कुछ देशों में 8 डॉलर प्रति महीने में ब्लू सब्सक्रिप्शन लॉन्च किया था। फरवरी 2023 में इसे भारत में वेब यूजर्स के लिए 650 रुपए मोबाइल के लिए 900 रुपए महीने में लॉन्च किया था। इसमें ब्लू टिक, लंबे वीडियो पोस्ट समेत कई सारे फीचर्स मिलते हैं। मस्क ने बाद में इस सर्विस का नाम ट्विटर ब्लू से बदलकर एक्स प्रीमियम कर दिया। 20 अप्रैल 2023 को मस्क ने अपने प्लेटफॉर्म से सभी लीगेसी ब्लू चेक मार्क हटा दिए थे। ब्लू चेक मार्क पहले राजनेताओं, प्रसिद्ध हस्तियों, पत्रकारों और अन्य सार्वजनिक हस्तियों के वेरिफाइड अकाउंट के लिए रिजर्व था। मस्क ने इसे सब्सक्रिप्शन सर्विस में जोड़ दिया था। अब सब्सक्रिप्शन वाले यूजर को ट्विटर की टीम के रिव्यू के बाद ही ब्लू चेकमार्क मिलता है।मस्क ने पोस्ट की कैरेक्टर लिमिट 280 से बढ़ाकर 25,000 कर दी है। जब ये कंपनी बनी थी तब कैरेक्टर लिमिट 140 थी। पोस्ट पढ़ने की लिमिट भी अप्लाय की है। वेरिफाइड यूजर एक दिन में सिर्फ दस हजार पोस्ट पढ़ सकते हैं। अनवैरिफाइड यूजर एक हजार पोस्ट, वहीं नए अनवेरिफाइड यूजर रोजाना सिर्फ 500 पोस्ट ही पढ़ सकते हैं।5 जून 2023 को लिंडा याकारिनो ने कंपनी के सीईओ के तौर पर जॉइन किया था। इससे पहले वो एनबीसी यूनिवर्सल में ग्लोबल ऐडवरटाइजिंग एंड पार्टनरशिप की चेयरमैन थीं। लिंडा को मस्क ने कंपनी का सीईओ बनाया था। लिंडा से पहले वो खुद ये जिम्मेदारी संभाल रहे थे।24 जुलाई 23 को इलॉन मस्क ने सबसे बड़ा बदलाव करते हुए 'ट्विटर' का नाम और लोगो बदलकर एक्स कर दिया था। नाम बदलने पर मस्क ने कहा था- आने वाले महीनों में ट्विटर सभी तरह की फाइनेंशियल सर्विस प्रोवाइड करेगी। ऐसे में ट्विटर नाम का कोई मतलब नहीं है। वहीं सीईओ लिंडा याकारिनो ने कहा- एआई पावर्ड 'एक्स' हमें उन तरीकों से कनेक्ट करेगा जिनकी हम अभी कल्पना करना शुरू कर रहे हैं। इलॉन मस्क ने एक्स पर वीडियो अपलोड करने सीमा को बढ़ा दिया है। प्रीमियम यूजर्स 4 घंटे तक के वीडियो अपलोड कर सकते हैं। नॉन-प्रीमियम यूजर्स के लिए सीमा 140 सेकंड है। एक्स ने शॉर्ट वीडियो फीचर शुरू किया। इसमें एक डेडिकेटेड 'वीडियो' टैब जोड़ा गया है। उन्होंने जून 2023 में ट्विटर की लीडरशिप संभाली थी, तब मस्क ने 44 बिलियन डॉलर में इस प्लेटफॉर्म को खरीदा और इसका नाम बदलकर एक्स कर दिया। लिंडा प्लेटफॉर्म में कम्युनिटी नोट्स जैसे फीचर्स लेकर आईं और यूजर्स की सिक्योरिटी को लेकर कई बदलाव किए। लिंडा ने पोस्ट में कंपनी के मालिक इलॉन मस्क को अवसर देने के लिए धन्यवाद दिया।

# रूस से एसयू-57 जेट न खरीदे भारत... पुतिन ने दिया पांचवीं पीढ़ी के स्टील्थ लड़ाकू विमान का ऑफर, एक्सपर्ट ने चीन कनेक्शन पर चेताया

मॉस्को। रूस भारत का पुराना रक्षा सहयोगी है। दशकों से भारत के हथियार आयात का बड़ा हिस्सा रूस से आता रहा है। हाल ही में रूस ने अपने पांचवीं पीढ़ी के फाइटर जेट एसयू-57 को भारत को देने की पेशकश की है। सिर्फ इतना ही नहीं, रूस इसके साथ सोर्स कोड और टेक्नोलॉजी ट्रांसफर भी करने को तैयार है। हालांकि, रक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि भारत को रूस के एसयू-57 स्टील्थ लड़ाकू विमान को लेकर ज्यादा उत्साह नहीं दिखाना चाहिए। पूर्व वायुसेना अधिकारी अजय अहलावत का कहना है कि भारत को पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमानों के आयात को अस्वीकार कर देना चाहिए। अजय अहलावत की टिप्पणी ऐसे समय में आई है, जब रूस के एसयू-57 के लिए टेक्नोलॉजी ट्रांसफर की पेशकश के बाद लड़ाकू जेट खरीद पर बहस तेज हो गई है। उन्होंने कहा कि आयात के बजाय प्रधानमंत्री कार्यालय की प्रत्यक्ष निगरानी में अपने स्वदेशी एएमसीए (एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट) प्रोग्राम को प्राथमिकता देनी चाहिए। उन्होंने रूस के एसयू-57 और अमेरिकी एफ-35 दोनों को बुरा विकल्प बताया। एसयू-57 में उन्होंने चीनी सामान होने को लेकर चिंता



जताई।पूर्व वायुसेना अधिकारी ने एक्स पर लिखा, 'सबसे अच्छा यह होगा कि हम एफजीएफए (पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान) के आयात के विकल्प को खत्म कर दें। हमारे पास दो बुरे विकल्प हैं। एफ -35 के साथ शर्तें जुड़ी हुई हैं। अमेरिका पर भरोसा नहीं किया जा सकता कि वह एक पूर्वानुमानित विदेश नीति बनाएगा। एसयू-57 वास्तव में एफजीएफए नहीं है। इसके अलावा इलेक्ट्रॉनिक्स, एवियॉनिक्स और चिप्स का बड़ा हिस्सा चीन से आता है।' उन्होंने आगे लिखा, 'कल्पना करें कि आप अपने उपकरण विक्रेता के साथ गोलीबारी युद्ध में हैं।'अहलावत में एएमसीए को एकमात्र व्यवहार्य विकल्प बताया और इस कार्यक्रम को पीएमओ के अधीन लाने की मांग की। इसे राष्ट्रीय महत्व का मिशन घोषित करने की मांग करते हुए उन्होंने लिखा, भारतीय वायु सेना के 3 स्टार अधिकारी को कार्यक्रम के प्रमुख के रूप में नामित करें, जो राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार को रिपोर्ट करे। सभी एजेंसियों इसके अधीन हों। इसके पहले सोमवार को पूर्व एयर मार्शल संजीव कपूर ने एसयू-57 के लिए रूस के प्रस्ताव का जिक्र किया और सुझाव दिया कि भारत को इस पर विचार करना चाहिए। उन्होंने एक्स पर लिखा, गुरुवार को पुतिन की यात्रा से ठीक पहले, रूस ने हमारे लिए एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव रखा, जिसमें एचएएल नासिक में एसयू-57ई के सह-उत्पादन के लिए पूर्ण टेक्नोलॉजी ट्रांसफर और 117 लड़ाकू विमानों के लिए भारत के एमआरएफए टेंडर में एसयू-35श जेट की सीधी डिलिवरी शामिल है। इस डबल ऑफर में स्थानीयकरण और सोर्स कोड देने का वादा भी है। यह भारत के मेक इन इंडिया और हमारी वायु शक्ति महत्वाकांक्षाओं के लिए एक रणनीतिक बढ़ावा है।

# भारत के खिलाफ साथ देने का धन्यवाद... तुर्की के मंत्रियों को शहबाज-मुनीर ने कहा शुक्रिया, रक्षा साझेदारी पर बड़ा ऐलान

नयी दिल्ली। पाकिस्तान और तुर्की ने अपने रक्षा सहयोग को बेहतर करने पर जोर दिया है। खासतौर से एयरोस्पेस और युद्ध क्षेत्र में साझेदारी बेहतर करने पर दोनों देश सहमत हुए हैं। ये फैसले तुर्की के विदेश मंत्री फिदान हाकन और रक्षा मंत्री यासर गुलेर की इस्लामाबाद में पाकिस्तानी मंत्रियों के साथ बैठक में लिए गए। फिदान हाकान और यासर गुलेर बुधवार को इस्लामाबाद पहुंचे हैं। इसके बाद दोनों ने पाकिस्तानी सरकार और सैन्य नेतृत्व के साथ मुलाकात की है। इस दौरान भारत की चर्चा भी हुई, खासतौर से ऑपरेशन सिंदूर के दौरान मदद के लिए पाक की ओर से तुर्की का धन्यवाद किया गया है। पाकिस्तानी मीडिया ने बताया है कि तुर्की और पाक के बीच एयरोस्पेस साझेदारी और युद्ध के नए क्षेत्रों में सहयोग पर विशेषतौर पर चर्चा हुई है। पाकिस्तान और तुर्की ने हालिया वर्षों में अपना सैन्य सहयोग लगातार बढ़ाया है। भारत के खिलाफ सैन्य संघर्ष में तुर्की ने पाकिस्तान को मदद की थी। तुर्की ने मई में भारत के साथ संघर्ष के बाद पाकिस्तान को अपना समर्थन बढ़ाया है। अब एरोस्पेस में ये सहयोग बढ़ने जा रहा है। ऐसे में



दोनों देशों में नई साझेदारियैं भारकत के लिए चिंता का सबब बन सकती हैं।तुर्की के विदेश मंत्री फिदान हाकन और रक्षा मंत्री यासर गुलेर इस्लामाबाद में पाक विदेश मंत्री इशाक डार, प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, पाक आर्मी चीफ सैयद असीम मुनीर, आईएसआई के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल असीम मलिक और दूसरे अहम अधिकारियों से बात की है। पाक प्रधानमंत्री ने कहा कि तुर्की उनके देश का भरोसेमंद सहयोगी है। इन संबंधों को बेहतर करने पर और ज्यादा काम किया जाएगा।शहबाज शरीफ ने भारत के ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान को अटूट समर्थन के लिए तुर्की का एक बार फिर धन्यवाद किया। शहबाज ने आने वाले दिनों में पाक-तुर्किये संबंधों को रणनीतिक साझेदारी में बदलने की बात कही है। दोनों देशों की ओर से एक-दूसरे के मूल हितों के लिए मजबूत और अटूट समर्थन जारी रखने की प्रतिबद्धता दोहराते हुए क्षेत्रीय और वैश्विक वातावरण के बीच दोनों पक्षों के बीच घनिष्ठ समन्वय की आवश्यकता पर जोर दिया।पाक सेना की मीडिया विंग ने बताया है कि तुर्की के रक्षा मंत्री यासर गुलेर ने भारत के साथ चार दिन के संघर्ष में एयर चीफ मार्शल जहीर अहमद बाबर सिद्धू के नेतृत्व में पाकिस्तानी वायुसेना के प्रदर्शन की सराहना की है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाक एयरफोर्स ने अच्छा प्रदर्शन किया। तुर्की के मंत्रियों ने बुधवार को इस्लामाबाद स्थित वायुसेना मुख्यालय में सिद्धू से मुलाकात की।पाक विदेश मंत्री डार ने कहा कि तुर्की के साथ द्विपक्षीय व्यापार को 5 बिलियन डॉलर तक बढ़ाने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि दोनों देश खनन, प्राकृतिक गैस, तेल और दुर्लभ पृथ्वी तत्वों जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर विचार कर रहे हैं। फिदान ने कहा कि तुर्की पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन (टीपीएओ) और पाकिस्तान की राष्ट्रीय तेल कंपनियों के बीच अप्रैल में हस्ताक्षरित समझौता इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। तुर्की के विदेश मंत्री हाकन फिदान और राष्ट्रीय रक्षा मंत्री यासर गुलर की पीकिस्तान की यह यात्रा ऐसे समय में हो रही है, जब तुर्का ने पाकिस्तान को खुले तौर पर समर्थन दिया है। इससे तुर्की और भारत के संबंधों पर भी असर हुआ है। तुर्की मीडिया में कहा गया है कि उनके मंत्रियों के इस्लामाबाद दौरे के एजेंडे में भारत-पाकिस्तान तनाव भी शामिल है।

# बिहार में वोटर लिस्ट रिवीजन जारी रहेगाःचुनाव आयोग को सुप्रीम कोर्ट का निर्देश- आधार, वोटर आईडी, राशन कार्ड को भी पहचान पत्र मानें

नयी दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को बिहार



विधानसभा चुनाव से पहले वोटर लिस्ट के रिवीजन जारी रखने की अनुमति दी। अदालत ने इसे संवैधानिक जिम्मेदारी बताया। सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस सुधांशु धूलिया और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) यानी वोटर लिस्ट रिवीजन की टाइमिंग पर सवाल उठाए। अदालत ने चुनाव आयोग से कहा कि बिहार में एसआईआर के दौरान आधार, वोटर आईडी, राशन कार्ड को भी पहचान पत्र माना जाए। बेंच के मुताबिक, 10 विपक्षी दलों के नेताओं समेत किसी भी याचिकाकर्ता ने चुनाव आयोग की इस प्रक्रिया पर अंतरिम रोक की मांग नहीं की है। सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाओं पर चुनाव आयोग से 21 जुलाई तक जवाब मांगा। अगली सुनवाई 28 जुलाई के लिए तय की। विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) यानी वोटर लिस्ट रिवीजन पर अदालत में करीब 3 घंटे सुनवाई हुई। याचिकाकर्ताओं का आरोप है कि वोटर लिस्ट रिवीजन नियमों को दरकिनार कर किया जा रहा है। वोटर की नागरिकता जांची जा रही है। ये कानून के खिलाफ है।एंईं के खिलाफ राजद सांसद मनोज झा, टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा समेत 11 लोगों ने याचिकाएं दाखिल की हैं। याचिकाकर्ता की ओर से वकील गोपाल शंकर नारायण, कपिल सिब्बल और अभिषेक मनु सिंघवी ने जिरह की। चुनाव आयोग की पैरवी पूर्व अटॉर्नी जनरल केके वेणुगोपाल, राकेश द्विवेदी और मनिंदर सिंह ने की। याचिकाकर्ता के वकील- अब जबकि चुनाव कुछ ही महीनों दूर हैं, चुनाव आयोग कह रहा है कि वह पूरी मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) 30 दिनों में करेगा। सुप्रीम कोर्टः एसआईआर प्रक्रिया में कोई बुराई नहीं है, लेकिन यह आगामी चुनाव से कई महीने पहले ही कर ली जानी चाहिए थी। भारत में मतदाता बनने के लिए नागरिकता की जांच करना आवश्यक है, जो संविधान के अनुच्छेद 326 के तहत आता है। चुनाव आयोग जो कर रहा है, वह संविधान के तहत अनिवार्य है और इस तरह की पिछली प्रक्रिया 2003 में की गई थी। सुप्रीम कोर्टः एसआईआर के दौरान दस्तावेजों की सूची से आधार कार्ड को बाहर रखा जा रहा है। चुनाव आयोगः वोटर रिवीजन के दौरान सिर्फ आधार ही नहीं मांगा जा रहा, अन्य दस्तावेज भी मांग रहे हैं।सुप्रीम कोर्ट ने आयोग की ओर से पेश वकील राकेश द्विवेदी से कहा, 'हम आपकी नीयत पर संदेह नहीं कर रहे, लेकिन धारणा भी मायने रखती है। हम आपको रोकना नहीं चाहते, क्योंकि यह संवैधानिक दायित्व है।' द्विवेदी ने बताया कि अब तक 60फीसदी मतदाताओं ने अपनी जानकारी सत्यापित कर ली है। अदालत को आश्वस्त किया कि किसी भी मतदाता का नाम सुनवाई किए बिना मतदाता सूची से नहीं हटाया जाएगा।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा, 'हम एक संवैधानिक संस्था को वह करने से नहीं रोक सकते जो उसका दायित्व है। लेकिन साथ ही हम यह भी नहीं होने देंगे कि वह ऐसा कुछ करे जो उसका दायित्व नहीं है।'चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट को भरोसा दिलाया कि किसी भी वोटर को वोटर लिस्ट से बाहर नहीं किया जाएगा। मामले में अगली सुनवाई 28 जुलाई को होगी।बिहार में वोटर लिस्ट रिवीजन जारी रहेगा। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को चुनाव आयोग की वोटर लिस्ट रिवीजन की प्रक्रिया पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने चुनाव आयोग से कहा है कि रिवीजन की प्रक्रिया में आधार कार्ड, वोटर आईडी और राशन कार्ड को भी पहचान पत्र माना जाए। अभी ये दस्तावेज चुनाव आयोग स्वीकार नहीं कर रहा था।सुनवाई के दौरान जस्टिस धूलिया ने कहा, 'समस्या आपकी प्रक्रिया में नहीं है। समस्या आपके टाइमिंग की है। क्योंकि जिन लोगों को सूची से हटाया जा सकता है, उनके पास इसके अपील करने का समय नहीं होगा।

# पीरियड्स की जांच के लिए कपड़े उतरवाए,महाराष्ट्र के स्कूल में 5वीं से 10वीं तक की बच्चियों के साथ हरकत, प्रिंसिपल हिरासत में

मुंबई। महाराष्ट्र पुलिस ने ठाणे के एक प्राइवेट स्कूल में कक्षा 5 से 10 तक की बच्चियों के कपड़े उतरवाकर चेकिंग की गई। बच्चियों ने अपने पेरेंट्स को बताया कि स्कूल के टॉयलेट में खून के धब्बे मिले थे। जिसके बाद सभी लड़कियों को कन्वेंशन हॉल में बुलाया गया और प्रोजेक्टर पर इसकी तस्वीरें दिखाई गईं। इसके बाद लड़कियों से पूछा गया कि किस-किस को अभी पीरियड्स हो रहे हैं। जिन लड़कियों ने हां में जवाब दिया, उनकी उंगलियों के निशान लिए गए। जिन लड़कियों ने न में जवाब दिया, उन्हें बारी-बारी से टॉयलेट में ले जाकर एक एक के कपड़े उतरवाकर प्राइवेट पार्ट्स की जांच की गई। पेरेंट्स की शिकायत के बाद पुलिस ने प्रिंसिपल को हिरासत में ले लिया है।जब बच्चियों ने ये बात घर जाकर पेरेंट्स को बताई तो पेरेंट्स स्कूल के बाहर जमा हो गए और हंगामा किया। वे प्रिंसिपल की गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे। पुलिस ने स्कूल पहुंचकर प्रिंसिपल को हिरासत में ले लिया है और शहापुर पुलिस स्टेशन ले गई है।स्कूल की तरफ से वकील अभय पितळे स्कूल पहुंचे थे, लेकिन अभिभावकों ने उन्हें स्कूल से बाहर निकाल दिया। अभिभावकों ने वकील को घेर लिया और उनकी पिटाई करने की कोशिश की, लेकिन पुलिस की सतर्कता से वे बच गए। पुलिस ने प्रिंसिपल को हिरासत में लेकर मामला दर्ज करने की प्रक्रिया



शुरू कर दी है। पुलिस आगे की जांच कर रही है और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की बात कह रही है। पिछले साल मिनिस्ट्री ऑफ एजुकेशन के तहत आने वाले डिपार्टमेंट ऑफ स्कूल एजुकेशन एंड लिटरेसी ने बोर्ड एग्जाम के दौरान स्कूलों के लिए एडवाइजरी जारी की है। इसमें कहा गया है कि 10वीं और 12वीं बोर्ड एग्जाम्स के दौरान जिन गर्ल्स स्टूडेंट्स को पीरियड्स हों उनके लिए फ्री सैनेटरी नैपकिन रखे जाने चाहिए। इसके अलावा, एग्जाम के दौरान उन्हें जरूरत पड़ने पर ब्रेक मिलना चाहिए और एग्जामिनेशन सेंटर्स पर रेस्टरूम होने चाहिए।2019 के ळच्छ्ईं के सर्वे में पाया गया कि देश में हर साल 2.3 करोड़ लड़कियां पीरियड्स शुरू होते ही स्कूल छोड़ देती हैं। यही वजह है कि हर साल 10 करोड़ लड़कियों की शादी कच्ची उम्र में कर दी जाती है। जबकि इस उम्र में करीब 54 प्रतिशत लड़कियां एनीमिक होती हैं। इनमें छोटे शहरों और गांवों में रहने वाली लड़कियों की संख्या ज्यादा है।

# आलोक नाथ हुए 69के,पहली फिल्म के लिए रु100 मांगे मिले रु20,000,रेप के आरोप से करियर डूबा

मुंबई। आलोक नाथ बॉलीवुड और टीवी इंडस्ट्री का वो चेहरा हैं जिन्हें लोग उनके नाम से कम, उनके किरदारों से ज्यादा जानते हैं। आलोक नाथ ने 'मैंने प्यार किया', 'हम आपके हैं कौन' और विवाह जैसी फिल्मों में काम किया। वो कई पॉपुलर टीवी सीरियल्स में भी दिखाई दिए। हालांकि 'संस्कारी बाबूजी' की छवि वाले आलोक नाथ का नाम विवादों में भी आया। आलोक नाथ का जन्म 10 जुलाई 1956 को हुआ था। उनके पिता डॉक्टर थे। वो चाहते थे कि आलोक भी डॉक्टर बनें, लेकिन जब उन्होंने कॉलेज में साइंस छोड़कर आर्ट्स लिया, तब माता-पिता ने एक्टर बनने का फैसला उन पर छोड़ दिया।दिल्ली यूनिवर्सिटी में पढ़ाई के समय आलोक ने थिएटर करना शुरू किया। बाद में उन्होंने दिल्ली के नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा में एक्टिंग सीखी। पढ़ाई के दौरान और छुट्टियों में भी वे लगातार थिएटर और टीवी करते रहे।जब आलोक नाथ एनएसडी में पढ़ाई के आखिरी साल में थे, तब 1980 में फिल्म 'गांधी' की टीम दिल्ली ऑडिशन लेने आई। टीम फिल्म में एक छोटे रोल के लिए एक्टर ढूंढ रही थी।आलोक नाथ ने बताया था कि जब वे होटल अशोक में डायरेक्टर एटनबरो से मिलने गए तो बहुत घबराए हुए थे। हालांकि उन्हें फिल्म में काम मिला और उन्होंने तैयब मोहम्मद का रोल प्ले किया। आलोक ने कहा था कि शायद उनका क्रांतिकारी और भूखा थिएटर आर्टिस्ट जैसा लुक इस रोल के लिए ठीक लगा। द बिग इंडियन पिक्चर को दिए इंटरव्यू में आलोक नाथ ने बताया था कि जब 'गांधी' में काम करने के बदले उन्हें 20 हजार रुपए फीस मिली तो इतने पैसे देखकर वह हैरान रह गए थे।आलोक नाथ ने कहा था, 'थिएटर करने के दौरान मुझे एक नाटक के लिए 10 दिन रिहर्सल करके 60 रुपए मिलते थे। इसलिए जब 'गांधी' के लिए मेहनताने की बात हुई तो मैंने मेकर्स से 100 रुपए मांगे तो उन्होंने कहा- 20 चलेगा? मेरे तो होश उड़ गए। मैं 60 रुपए पाने की सोच रहा था कि 20 हजार रुपए? तभी मेकर्स ने मुझसे कहा कि 20 हजार में डील डन करते हैं। इतना बड़ा अमाउंट सुन मैं भी हक्का-बक्का रह गया था।' 'गांधी' के बाद आलोक नाथ ने 'मैंने प्यार किया', 'हम आपके हैं कौन..!', 'हम साथ साथ हैं', 'विवाह', 'परदेस', 'ताल', 'अग्निपथ', 'कामाग्नि', 'किल दिल', 'दे दे प्यार दे', 'सोनू के टीटू की स्वीटी', मुजरा', 'टैंगो चार्ली', 'मेरे यार की शादी है', 'मैं जिंदा हूं', 'सारांश', 'हाहाकार', 'एक विवाह ऐसा भी', 'बोल राधा बोल' और 'तिरंगा' जैसी फिल्मों में काम किया।फिल्मों के साथ-साथ आलोक नाथ ने कई टीवी सीरियल्स में भी काम किया। उनका टेलीविजन करियर 1980 में शो 'रिश्ते-नाते' से शुरू हुआ। हालांकि उन्हें पहचान 1986 में 'बुनियाद' नाम के धारावाहिक से मिली। यह शो उस समय बहुत चर्चित हुआ। वहीं, वो 'बुनियाद' के अलावा 'रिश्ते', 'तारा', 'बसेरा', 'सपना बाबुल का...बिदाई', 'यहां मैं घर घर खेली', 'ये रिश्ता क्या कहलाता है', 'तलाश', 'दाने अनार के' और 'कभी कभी (तितलियां)' जैसे सीरियल्स में दिखाई दिए।'गांधी' में काम करने के बाद आलोक मुंबई आ गए, लेकिन वहां उनको काफी संघर्ष करना पड़ा। शुरुआती दिनों में उन्होंने 'मशाल' और 'सारांश' जैसी फिल्मों में छोटे रोल किए। बता दें कि फिल्म 'सारांश' में 'बी प्रधान' के रोल को लेकर आलोक नाथ को बुलाया गया था। हालांकि फिल्म में वो रोल अनुपम खेर ने प्ले किया। आलोक नाथ ने बताया था कि वो 'संध्या छाया' नामक एक नाटक कर रहे थे। यह नाटक एक ऐसे बुजुर्ग कपल की कहानी थी, जिनके बच्चे विदेश में बस चुके थे और अब वे अकेले रहते थे। इस नाटक में आलोक नाथ ने एक बुजुर्ग व्यक्ति की भूमिका निभाई थी। उन्हीं दिनों राज बब्बर राजश्री प्रोडक्शन की किसी फिल्म में काम कर रहे थे। उन्होंने नाटक देखा और अगले ही दिन आलोक नाथ को संदेश भिजवाया कि वे उन्हें तुरंत कॉल करें। जिसके बाद आलोक राजश्री प्रोडक्शन के दफ्तर पहुंचे। जब वे दफ्तर पहुंचे तो उन्हें राजकुमार बड़जात्या के कमरे में भेजा गया। उन्होंने अपना परिचय दिया, लेकिन वो उन्हें पहचान ही नहीं पाए। थोड़े झुंझलाते हुए आलोक ने कहा था कि वे वही एक्टर हैं, जिन्होंने 'संध्या छाया' में बुजुर्ग का रोल किया था। बड़जात्या चौंक कर बोले, 'लेकिन वो तो बूढ़ा आदमी था!' आलोक नाथ ने जवाब दिया- 'जी, पर मैं 25 साल का हूं, सिर्फ भूमिका निभा रहा था।' राजकुमार बड़जात्या ने आलोक नाथ की तारीफ की, पर अफसोस जताया कि वह रोल ( 'बी प्रधान' का रोल) उन्हें नहीं मिल सकता क्योंकि उन्हें सचमुच का बुजुर्ग चाहिए था। वह रोल अनुपम खेर को मिला। आलोक नाथ को सिर्फ एक पंडित का छोटा रोल दिया गया। हालांकि इसके बाद उन्होंने राजश्री प्रोडक्शन की कई फिल्मों में काम किया।आलोक नाथ को फिल्म 'मैंने प्यार किया' से बड़ी पहचान मिली। इसमें उन्होंने भाग्यश्री के पिता का रोल निभाया था। इस किरदार के बाद वह 'बाबूजी' के रोल के लिए मशहूर हो गए। 1990 में आलोक नाथ ने फिल्म 'अग्निपथ' में अभिनेता अमिताभ बच्चन के पिता का रोल किया। उस समय आलोक नाथ 34 साल के थे और अमिताभ बच्चन 48 साल के थे। न्यूज 18 की रिपोर्ट के अनुसार, आलोक नाथ और एक्ट्रेस नीना गुप्ता का अफेयर था। दोनों की मुलाकात शो 'बुनियाद' के सेट पर हुई थी। दोनों ने करीब 8 साल तक एक-दूसरे को डेट किया, लेकिन आलोक के पिता इस रिश्ते के खिलाफ थे, इसलिए यह रिश्ता आगे नहीं बढ़ सका। आलोक ने 1987 में आशु सिंह नाथ से शादी की थी। दिसंबर 2013 में आलोक नाथ पर बने जोक्स और मीम सोशल मीडिया पर वायरल होने लगे। 4 जनवरी 2014 को ट्विटर पर 'द क्यूरियस केस ऑफ आलोक नाथ' नाम से यह ट्रेंड काफी चर्चा में रहा। उन्होंने इन मीम्स पर कहा था, 'मुझे इनमें से ज्यादातर जोक्स अच्छे लगते हैं।' स्पॉटबॉय की रिपोर्ट के अनुसार, एक बार आलोक नाथ दुबई शो के लिए गए थे। लौटते वक्त, एयरपोर्ट जाने से पहले ही आलोक नाथ ने खूब शराब पी ली थी। फ्लाइट में तकनीकी वजह से देरी हुई तो आलोक का नशा और चढ़ गया। अचानक वे अपनी सीट से उठे और एक पायलट को जोर से थप्पड़ मार दिया। सभी यात्री और क्रू हैरान रह गए। पुलिस बुला ली गई और आलोक को फ्लाइट से उतार दिया गया। अक्टूबर 2018 में भारत के मी टू मूवमेंट के दौरान भी आलोक नाथ पर गंभीर आरोप लगे। टीवी लेखक और प्रोड्यूसर विंता नंदा ने उन पर रेप का आरोप लगाया।इसके बाद कई अन्य महिलाओं ने भी आलोक नाथ के व्यवहार पर सवाल उठाए। संध्या मृदुल ने लिखा था कि अपने करियर की शुरुआत में एक टेलीफिल्म की शूटिंग के दौरान आलोक नाथ उनके ऑन-स्क्रीन पिता थे। शुरुआत में वे उनकी तारीफ करते रहे। एक रात डिनर के दौरान वह नशे में उन्हें अपने पास बैठने के लिए मजबूर करने लगे।संध्या ने दरवाजा बंद करने की कोशिश की, लेकिन आलोक अंदर घुस गए और चिल्लाने लगे - 'मैं तुम्हें चाहता हूं, तुम मेरी हो।' संध्या किसी तरह बचकर भागीं और लॉबी में गईं। इसके बाद भी उनका उत्पीड़न रुका नहीं। आलोक हर रात शराब पीकर उनके कमरे में कॉल करते और दस्तक देते। डर के कारण संध्या ने हेयर ड्रेसर को अपने कमरे में शिफ्ट करवा लिया। तनाव और डर की वजह से वह बीमार पड़ गईं और शूटिंग नहीं कर सकीं।एक दिन आलोक नाथ माफी मांगने आए। उन्होंने कहा कि वह शराबी हैं, सब कुछ बर्बाद कर चुके हैं और वह उन्हें अपनी बेटी की तरह मानते हैं। उन्होंने थेरेपी कराने का वादा किया। संध्या ने बताया था कि वह टूट चुकी थीं, लेकिन काम करना पड़ा। सिद्धार्थ कन्नन को दिए इंटरव्यू में हिमानी शिवपुरी ने कहा था, 'एनएसडी के एक वाकये को छोड़कर मुझे कभी उनसे परेशानी नहीं हुई, लेकिन लोगों से सुनती थी कि शराब पीने के बाद वह बदल जाते थे।' हिमानी ने कहा, 'मैंने उनके साथ बहुत काम किया। जब वह नहीं पीते थे तो बहुत संस्कारी लगते थे। उनकी पर्सनैलिटी जैकिल और हाइड जैसी थी।' दीपिका अमीन ने ट्वीट कर लिखा था, 'इंडस्ट्री में हर कोई जानता है कि आलोक नाथ एक घिनौना शराबी है जो महिलाओं को परेशान करता है। सालों पहले एक टेलीफिल्म की आउटडोर शूटिंग के दौरान उसने मेरे कमरे में घुसने की कोशिश की। वह नशे में महिलाओं पर गिरता था और हंगामा करता था। यूनिट के लोगों ने मुझे घेरकर मेरी सुरक्षा सुनिश्चित की। मी-टू 'विंता नंदा के मामले में अतिरिक्त सत्र न्यायालय ने आलोक नाथ को 5 लाख रुपए के मुचलके पर अग्रिम जमानत दी थी। जनवरी 2019 में इस मामले में अग्रिम जमानत मिलने के बाद आलोकनाथ ने कहा था, 'माननीय कोर्ट और मेरे वकीलों ने मुझे अभी पूरी तरह से चुप रहने की सलाह दी है। वास्तव में, मैं पूरे समय शांत रहा हूं। हो सकता है, कुछ शब्द मेरे मुंह से गुस्से में निकल गए हों। अन्यथा, मैं तीन महीने पूरी तरह शांत रहा हूं। मेरे लिए फिलहाल कोई टिप्पणी करना सही नहीं है, लेकिन हां, हमें अग्रिम जमानत मिल गई है और हम इसके लिए बहुत आभारी हैं।'सिने एंड टीवी आर्टिस्ट्स एसोसिएशन ने आलोक के असहयोग के कारण उन्हें संगठन से निकाल दिया था। मुंबई एकेडमी ऑफ मूविंग इमेज ने भी उनकी फिल्मों को अपने फेस्टिवल से हटा दिया था।



# 'स्कूल के दिनों में 'मालिक' की तरह निर्भीक था':राजकुमार राव ने कहा- किरदार में ढलना सबसे मुश्किल; मानुषी बोलीं- कैरेक्टर को घर लेकर नहीं जाती

मुंबई। राजकुमार राव फिल्म 'मालिक' के जरिए जल्द ही एक नए अवतार में नजर आने वाले हैं। ये पहली बार होगा, जब वो गैंगस्टर के रोल में दिखेंगे। साथ ही, पर्दे पर एक्शन करते नजर आएंगे। इस फिल्म में उनके अपोजिट पूर्व मिस वर्ल्ड और एक्ट्रेस मानुषी छिल्लर नजर आने वाली हैं। मानुषी के लिए भी ये फिल्म अब तक उनके किए गए फिल्मों से अलग है। इस फिल्म में वो डी ग्लैम लुक में ऑडियंस के सामने आने वाली हैं। इसका प्रोसेस बाकी फिल्मों से अलग था। किरदार के लिए फिजिकल अपीयरेंस चेंज करना था। इसके अलावा इस किरदार के अंदर जो पावर थी, उसे शूट खत्म करने तक अपने अंदर बरकरार रखना था। मालिक बहुत दबंग और निर्भीक आदमी है। वो दुनिया में किसी से नहीं डरता है। उस भावना को अपने अंदर बनाए रखना, ये मेरा प्रोसेस था। हर पल किरदार के कोर को पकड़कर चलना था। ये वो इंसान है, जो अपने नियम खुद बनाता है। उसे जो फॉलो करना है करता है और नहीं मन होता तो नहीं करता है। हमारे बीच बस एक ही समानता है। जैसे मालिक अपनी पत्नी शालिनी को बहुत प्यार करता है। मैं भी अपनी वाइफ पत्रलेखा से बहुत मोहब्बत करता हूं। इसके लिए अलावा मैं निर्भय हूं। स्कूल के दिनों में तो काफी निर्भीक था। लेकिन जब लगा कि एक्टर बनना है, फिर लाइफ में थोड़ा फोकस करना पड़ा। मैं ये किरदार करना चाहती थी। बहुत कम रोल होते हैं, जो लड़कियों के हिसाब से लिख जाते हैं। बतौर एक्टर मुझे खुद को साबित करना था। मुझे अपने आपको चैलेंज देना था। मैं जानती थी कि मालिक का मेरा किरदार मुझे मेरी मंजिल तक ले जाएगा। पुलकित एक बहुत अच्छे डायरेक्टर हैं। उन्होंने फिल्म को बहुत क्लैरिटी के साथ लिखी है, जो आपको पढ़ के समझ आती है। इस फिल्म से जितने लोग जुड़े हैं, मैं उनके साथ काम भी करना चाहती थी। कहीं न कहीं अंदर से मेरी चाहत थी कि मैं इस फिल्म को करूं और सौभाग्य से उन्होंने मुझे ही चुना। मैं जब इस रोल के लिए तैयारी कर रही थी, तब मैंने डायरेक्टर के साथ काफी समय बिताया। हम साथ बैठकर इस रोल की तैयारी करते थे। हमारा फोकस किरदार पर होता था कि ये क्या और क्यों कर रहा है? मैंने अपनी तैयारी शालिनी के रोल पर फोकस करके किया। जैसा कि आपने कहा कि गैंगस्टर की कहानी है तो पुरुषों की एक दुनिया बन जाती है। ऐसे में मेरा फोकस उस दुनिया को छोड़, मेरा कैरेक्टर क्या और क्यों कर रहा है? उसका बाकी किरदारों के साथ क्या संबंध हैं, इस पर रहा। और फिर जब आप सेट पर जाते हैं, तो बाकियों के साथ ऑटोमैटिक तालमेल बन जाता है।मानुषी- हरियाणवी में हमसे सबसे ज्यादा पुलकित ने बातचीत की है। राजकुमार टैलेंटेड, अच्छे और एक प्रोफेशनल एक्टर हैं, ये बात मैं पहले से जानती थी। इनके साथ काम करके मुझे बहुत मजा आया। मैं इनके साथ और काम करना चाहूंगी। बतौर को एक्टर आप इनसे बहुत कुछ सीखते हैं। सेट पर काफी मदद करते हैं। मुझे इनकी एक बात बेहद पसंद आई कि अगर इन्हें लगता है कि इनके कुछ करने से मेरा परफॉर्मेंस बेहतर होगा तो वो बिना पूछे मदद करते हैं।इनका ये बिहेवियर सिर्फ मेरे साथ नहीं था। डायरेक्टर, तकनीशियन सबकी हेल्प करते हैं। जब आपको शूटिंग में मजा आता है फिर उसका असर स्क्रीन पर आपके परफॉर्मेंस और प्रोडक्ट में भी दिखता है। कई बार हम सिर्फ अपनी परफॉर्मेंस पर फोकस करते हैं। लेकिन मैंने राजकुमार से सीखा कि ये एक टीम वर्क होता है। हमें सलाह लेने या देने में झिझकना नहीं चाहिए।राजकुमार- नहीं, किसी को दिखाने या बताने के लिए तो कभी कुछ नहीं किया है। ऐसा कोई मौका भी नहीं आया कि बोलना पड़ा हो कि एक दिन तू देखना। मैंने एक्टिंग कभी किसी को प्रूव करने के लिए नहीं किया था। मुझे इस आर्ट फॉर्म से प्यार हो गया था। थियेटर करना शुरू किया था। बचपन में ही फिल्मों से मोहब्बत हो गई थी। उसी वक्त तय कर लिया था कि बड़े होकर मुझे भी यही करना है। एक्टिंग में आने के लिए जो भी किया, वो खुद के लिए ही था। मैंने अपनी खुशी के लिए एक्टिंग चुना था। मानुषी- फिल्म का ये जो डायलॉग है, बड़ा यूनिवर्सल है। इस डायलॉग के पीछे, जो विचार है, वो हमेशा से अंदर रहा है। ऐसा नहीं है कि मुझे किसी से स्पेशली कहा। जिस तरह से मेरी परवरिश ऐसी हुई है, मुझे हमेशा सिखाया गया कि आप लाइफ में जो भी करना चाहती हैं, वो कर सकती हैं। मुझे कभी जरूरत नहीं पड़ी कि मैं किसी को साबित करूं, या कहूं कि देखो मैं करके दिखाऊंगी। ये मेरी लाइफ है। अगर मैंने किसी को प्रूव करने के लिए फैसला लिया तो वो मेरी नहीं, उनकी लाइफ हो जाएगी। मैंने जो भी फैसला किया, अपने लिए ही लिया है। एक्टर बनने के बाद भी अगर मैं कुछ प्रूव करना चाहती हूं तो खुद को करना चाहती हूं।राजकुमार- मेरे लिए किरदार से निकलना उतना मुश्किल नहीं होता, जितना उसे समझना और उसमें जाने में होता है। किरदार से निकलना तो आसान होता है। एक बार जब आप फिजिकल अपीयरेंस या उस दुनिया से निकल जाते हैं, फिर निकलने में आसानी होती है। इस रोल को निभाने में मेरे लिए चैलेंजिंग था कि कैसे मैं इसे ह्यूमन रख पाऊं। मेरे किरदार में स्वैग,स्टाइल है। बहुत सारा एक्शन है। डायलॉग बाजी भी अच्छी है। इन सबके बाद, जब लोग उसे देखें तो उन्हें इस किरदार पर यकीन हो। उन्हें यकीन हो कि असल में ऐसा इंसान हो सकता है। मेरी कोशिश थी कि मैं इस किरदार को इतना ह्यूमन बना पाऊं कि जब वो गुस्सा हो तो ऑडियंस को लगे कि वो सच में गुस्सा हो रहा है। जब वो रोये तो आप भी उसके साथ रोएं। उसकी खुशी में आप खुश हों। बस यही चैलेंज था। मानुषी- शुरुआत में इस रोल के लिए एफर्ट लगाना मेरे लिए चैलेंजिंग रहा। रोल समझने के बाद एक समय ऐसा आता है कि आप किरदार की तरह जीने लगते हैं। लेकिन शुरुआत में हर चीज के लिए एफर्ट लगाना होता है। आप एक्टिंग कर रहे हैं, ये स्क्रीन पर दिखना नहीं चाहिए। शूट के दौरान कभी छुट्टी हुई तो मैं घर जाती थी। इस दौरान मैं काम के बारे में सोचती हूं। नया क्या कर सकती हूं, इसके बारे में सोचती हूं लेकिन किरदार लेकर घर नहीं जाती थी। मेरे साथ ऐसा कभी नहीं हुआ कि किरदार का इमोशन लेकर घर गई हूं।मैं हमेशा ग्लैमरस दिखूंगी, ऐसी फीलिंग मेरे अंदर कभी नहीं थी। बाद में कहीं ना हीं आदत हो जाती कि जब आप कैमरे के सामने हैं तो एक अलग रूप में होते हैं। इस फिल्म में हमारे डायरेक्टर ने मेरे डी ग्लैम लुक को और ज्यादा डी ग्लैम कर दिया। मुझे अब तक लगता था कि मेरे अंदर डी ग्लैम लुक को लेकर कोई झिझक नहीं है लेकिन एक दिन मैंने इस पर रिएक्ट किया। मैंने डायरेक्टर से पूछा कि क्या ऑडियंस ऐसे एक्सेप्ट कर लेगी? उन्होंने मुझे समझाया कि अगर मैं ऐसी नहीं दिखूंगी तो मैं मालिक की दुनिया का हिस्सा नहीं लगूंगी। इस फिल्म के सेट पर मुझे काम करने में इसलिए मजा आया क्योंकि मैं सिर्फ कैरेक्टर की लाइफ जी रही थी। मैं लुक के बारे में ज्यादा सोच नहीं रही थी।देखिए, फिल्म वाला मालिक बनने के फायदे ये हैं कि आपको किसी की सुननी नहीं पड़ेगी। हर तरफ आपका राज है। हालांकि, इसमें रिस्क भी बहुत है। बतौर मालिक कहूंगा कि बहुत ही निर्भीक जीवन होता है। बतौर राजकुमार मैं कहूंगा कि आप ऐसा बिल्कुल ना करें।मानुषी, इतने पावरफुल इंसान की बीवी होने के क्या फायदे हैं? अगर लोग उनसे डरेंगे तो आपसे भी डरेंगे। जैसा कि राजकुमार ने कहा कि इसमें रिस्क बहुत ज्यादा है, तो मैं कभी नहीं चाहूंगी कि मुझे ऐसा पार्टनर मिले। अगर आपके पार्टनर की लाइफ में इतना रिस्क और हेडेक होगा तो वो चीजें घर तक भी आती हैं। राजकुमार, शूटिंग के दौरान सेट पर कैसा माहौल था? जब बहुत ज्यादा ड्रमैटिक सीन होता था तो सेट पर सब फोकस्ड होते थे। वरना ऑफ स्क्रीन सेट का माहौल बहुत लाइट होता था। दो महीने हम सब परिवार की तरह एक साथ रहे। जब भी लेट शूट होना होता या ऑफ होता था, तब हम सब साथ बैठते थे। हम सब साथ में खाना खाते और हंसते-बोलते थे।राजकुमार- मेरे ख्याल से आखिरी दिन सबसे मुश्किल होता है। जब आप अच्छी फिल्म करते थे, तब आखिरी दिन बहुत मुश्किल होता है। हम सबने साथ मिलकर कुछ बनाया है और अब उससे दूर जाना है। ऐसे में वो दिन बहुत इमोशनल होता है। मानुषी- मैं भी राजकुमार की बात से सहमत हूं। क्योंकि हम सबके साथ एक जर्नी जी रहे होते हैं। दूसरा कि इस फिल्म की शूटिंग के लिए हम मुंबई में भी नहीं थे। हम सब लखनऊ में शूट कर रहे थे। ऐसे में एक-दूसरे की आदत हो जाती है। रोज सुबह उठो और सेट पर जाओ, सबसे मिलो। आखिरी दिन थोड़ा तो बुरा लगता है।



# '4 साल बाद' में दिखेगी श्रीदेवी-यश की लव स्टोरी:शहाना गोस्वामी बोलीं- 30 की उम्र में रोमांटिक किरदार निभाया, अक्षय ने कहा- एक्टिंग करना मुश्किल था



मुंबई। इंडो-ऑस्ट्रेलियन सीरीज 'फोर इयर्स लेटर' का प्रीमियर 11 जुलाई को लायंसगेट प्ले पर होने जा रहा है। इससे पहले यह शो ऑस्ट्रेलिया के एसबीएस नेटवर्क और कनाडा में टेलीकास्ट हो चुका है। शहाना ने बताया कि 30 साल की उम्र में रोमांटिक किरदार निभाने का मौका मिला है। वहीं, अक्षय ने कहा कि किरदार ऐसा था कि उसके फीलिंग्स को अंदर से महसूस करने की जरूरत थी। 'फोर इयर्स लेटर' यानी की 'चार साल बाद' की कहानी जयपुर से शुरू होती है। यश डॉक्टर बनना चाहता है। घरवाले उसकी अरेंज मैरिज कर देते हैं, इसी बीच उसे ऑस्ट्रेलिया में इंटर्नशिप ऑफर होती है। उसकी पत्नी श्रीदेवी भारत में रह जाती है। उसे चार साल तक अपने पति का इंतजार करना पड़ता है। सीरीज में यश की भूमिका निभा रहे एक्टर अक्षय अजीत सिंह कहते हैं- यह किरदार मेरे लिए बहुत नया है। यश बहुत ही प्यारा और मेहनती लड़का है। अपने परिवार के लिए कुछ करना चाहता है। ताकी अपने परिवार को अच्छा भविष्य दे सके। परिवार के लिए अपने प्यार और बीवी को छोड़कर ऑस्ट्रेलिया में चला जाता है।सीरीज में श्रीदेवी की भूमिका निभा रही एक्ट्रेस शहाना गोस्वामी कहती हैं- सबसे बड़ी बात यह है कि 30 साल की उम्र में रोमांटिक किरदार निभाने का मौका मिला है। हालांकि इस किरदार को निभाने से थोड़ा हिचक रही थी, क्योंकि 19 साल की उम्र में भी मेरा ऐसा एसेंस नहीं था, लेकिन किरदार को बहुत ही ईमानदारी के साथ लिखा गया है। यह ऐसा किरदार है जिसकी पर्सनालिटी मुझसे बहुत मिलती जुलती है। अपनी पर्सनालिटी सिर्फ एक ही फिल्म 'तू है मेरा संडे' में दिखाने का मौका मिला है।

## फिल्म 'प्यार तो हमेशा रहेगा' की शूटिंग त्रिवेणी घाट पे

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)



प्रयागराज। साइन वेयर प्रोडक्शन बैनर तले बन रही हिंदी फीचर फिल्म प्यार तो हमेशा रहेगा के टाइटल सॉन्ग प्यार तो हमेशा रहेगा की शूटिंग दो दिवसीय देहरादून ऋषिकेश में चल रही है इसमें मुख्य कलाकार शोएब राणा आरती पाल और सहायक कलाकार पंकज सीवॉच हरेंद्र डबास और डायरेक्टर प्रवीण कुमार मौजूद रहे फिल्म में टाइटल सॉन्ग के गायक अंकित सिंहाऔर लेखक अवनीश राही अलीगढ़ से हैं फिल्म की शूटिंग ऋषिकेश में राम झूला गोवा बीच और त्रिवेणी घाट गंगा के किनारे हुई हरिद्वार में बैरागी कैंप चंडीगढ़ दाम कोठी और आसपास के क्षेत्र में हुई पब्लिक ने शूटिंग का पूरा मनोरंजन लिया और अच्छी खासी वीडियो का मौका उठाया फिल्म बहुत जल्दी सिनेमाघर में आने की संभावना है शूटिंग लगभग पूरी हो चुकी है अब फिल्म की डबिंग एडिटिंग और बैकग्राउंड म्यूजिक पर काम होगा

# 'कहो ना प्यार है' की सक्सेस एन्जॉय नहीं कर पाए,सुनैना रोशन बोलीं- पापा ने बहुत अच्छी फिल्म बनाई थी, हमने उनका संघर्ष देखा है

मुंबई। फिल्म मेकर राकेश रोशन की बेटी सुनैना रोशन कई जानलेवा बीमारियों को हराकर अब डिसिप्लिन लाइफ स्टाइल से लोगों इंस्पायर कर रही हैं। उन्होंने बताया कि ऋतिक की डेब्यू फिल्म 'कहो ना प्यार है' बड़ी हिट फिल्म साबित हुई थी। फिर भी उनकी फैमिली फिल्म की सक्सेस को एन्जॉय नहीं कर पाई। इसके अलावा सुनैना ने अपने पेरेंट्स और फिल्म से जुड़ी तमाम बातें शेयर कीं। पेश है उनमें से कुछ खास अंश- सवाल जवाब के माध्यम से सवाल- बचपन की डैड की फिल्मों की सेट की कुछ यादें हैं। सवाल- बचपन की ऐसी तो कोई खास यादें नहीं है। हमलोग शूटिंग पर ऐसे ही मस्ती के लिए जाते थे। इसी बहाने पापा से मिलना हो जाता था। सवाल- आपके परिवार में सभी लीजेंड्स हैं। आपने कभी नहीं सोचा कि किसी क्षेत्र में आपको भी किस्मत आजमानी चाहिए? जवाब- मैंने कभी ऐसा सोचा नहीं। अभी भी नहीं सोचती हूं और ना ही कभी आगे इस बारे में सोचूंगी। मुझे पता था कि डायरेक्शन, एक्टिंग और म्यूजिक डायरेक्शन की फील्ड में नहीं जाना है।सवाल- लेकिन आप को-प्रोड्यूसर रही हैं? जवाब- मैं 2006 तक बहुत पार्टी करती थी। उसे छोड़कर अपनी लाइफ में कुछ करना चाहती थी। मैंने पापा से कहा कि ऑफिस आ रही हूं। उनको लगा कि मैंने ऐसे ही बोल दिया होगा, लेकिन मैं काम को लेकर सीरियस थी। मैंने ऑफिस में सभी को बोल दिया कि कोई मुझे राकेश रोशन की बेटी की तरह ट्रीट ना करें। क्रेजी 4 में को- प्रोड्यूसर के तौर पर जुड़ी। कृष 3 में असिस्टेंट डायरेक्टर भी थी। सवाल- क्रेजी 4 में शाहरुख खान का आइटम सॉन्ग भी था। सेट से जुड़ी कुछ खास यादें? जवाब- जिस समय शाहरुख खान के आइटम सॉन्ग की शूटिंग यशराज स्टूडियों में चल रही थी। उस समय मैं कैंसर से गुजर रही थी। पापा ने मुझे सेट पर आने से मना कर दिया था फिर मैं गई थी। उस समय 4-5 सर्कल कीमोथेरेपी हो चुका था। सेट पर लोगों ने बहुत ख्याल रखा। उस समय यशराज स्टूडियों में बाहर से खाना लाने के अनुमति नहीं थी। सिर्फ मुझे ही घर से खाना लाने की इजाजत थी। सवाल- शाहरुख खान से कुछ बात हो पाई थी? जवाब- सिर्फ हाय हैलो तक ही बात हुई थी। उस समय सभी लोग शूटिंग में बहुत बिजी थे। इसलिए ज्यादा किसी से बात नहीं हो पाई थी। वैसे भी यह बात 2007 की है, अब तो कुछ ज्यादा याद ही नहीं रहा। सवाल- पापा घर और सेट पर प्रोड्यूसर-डायरेक्टर के तौर पर कैसे रहते हैं? जवाब- घर पर भी बहुत अनुशासन में रहते हैं। सेट पर मेरे और पापा के बीच एक बात बहुत कॉमन है कि हमलोग प्रैंक बहुत करते हैं। पापा का वन लाइनर बहुत अच्छा है। घर और सेट पर एक जैसे ही रहते हैं, लेकिन शूटिंग के दौरान भी पापा को घर की चिंता रहती थी। हर काम में उनका दिमाग घूमता रहता है। मैं यह सोचकर हैरान रहती थी कि वो इतना सारा काम एक साथ कैसे कर लेते हैं। सवाल- ऋतिक ने बचपन में कभी बताया था कि एक्टर बनना है? जवाब- नहीं, इस बारे में तो नहीं बताया था। मैं और भाई मम्मी के बहुत करीब थे। हम दोनों मम्मी को हर छोटी सी छोटी बातें बताते थे, लेकिन ऋतिक ने यह कभी नहीं बताया कि वो ऐक्टर बनना चाहता है।सवाल- 'कहो ना प्यार है' के समय घर का कैसा माहौल था? जवाब- हम लोग शिप पर शूटिंग के लिए गए थे। जहां पर 'प्यार की कश्ती में' शूट हुआ था। जब फिल्म रिलीज हुई तब हम लोगों को लग रह था कि पापा ने बहुत अच्छी फिल्म बनाई है। हम लोग फिल्म की सक्सेस को एन्जॉय नहीं कर पाए, क्योंकि उसी समय पापा पर गोली चलाई गई थी। उसके एक हफ्ते के बाद पापा के हार्ट की ओपन सर्जरी हुई थी।सवाल- कृष 3 की शूटिंग के दौरान ऋतिक को बहुत भयंकर इंजरी भी हुई थी? जवाब- वो सिंगापुर में हुआ था। हम लोग मुंबई मे थे। मेरे डैड के लिए वह बहुत बुरा अनुभव था क्योंकि अपने बेटे को बहुत ऊंचाई से गिरते हुए देख रहे थे। ईश्वर की बहुत कृपा रही कि भाई बच गए। सवाल- आपके परिवार ने बहुत स्ट्रगल देखें हैं। आपने वह सब देखा है। कहीं ना कहीं वह ताकत देता है? जवाब- जब हम छोटे थे तब पापा का स्ट्रगल पता नहीं चलता था। आजकल के बच्चे और तभी के बच्चे में बहुत फर्क है। पापा ने कभी यह महसूस नहीं कराया कि वो कितनी मेहनत करते हैं। पापा का स्ट्रगल हमने करण-अर्जुन की फिल्म से देखा है।



स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डॉ. दीपक अरोरा द्वारा रामा प्रिंटर्स 53/25/1 ए बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज (उ.प्र) 211002 से मुद्रित एवं सी-41यूपी एसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज। संपादक/प्रकाशक डा.पुनीत अरोरा मो.न.09415608710
RNINO.UPHIN/2015/63398
www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी0आर0बी0 एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगा।